RNI No. CHHHIN/2009/35020



नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 319

डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 26 सितंबर 2022

पेज -3 पर जनसंघ के संस्थापक पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

आज महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर गांधी गंज से निकलेगी ... पेज -4 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2022 ( 26 सितंबर से 05 अक्टूटर 2022 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



601/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रुपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, विश्व कम्प्यूटर 07766-299002, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव **शाहपुर** 9300282757, शशि पटेल **शाहपुर** 8878311918, अशोक मिश्रा **( शाहपुर )** 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, शिवम मोबाईल बस स्टैण्ड, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा **नवागांव** 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, दिलीप सिथरा 6261379344, दिनेश राठिया सरपंच **लक्ष्मीपुर** 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर कांडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुरः**- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज उनके निवास कार्यालय में संसदीय सचिव श्री शिशुपाल सोरी के नेतृत्व में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने समाज के पदाधिकारियों से आरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए भरोसा दिलाया कि आदिवासियों का हक हर हाल में उन्हें मिलेगा। उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आदिवासियों के हक को सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार हमेशा प्रयास करते रहेगी। मुलाकात के दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री भरत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में तस्कर के यहां तड़पकर मरी 24 गायें

## बाड़े में बंद कर भाग गया था, तीन दिन तक भूख-प्यास से होती रही मौतें

पथरिया/रायपुर। छत्तीसगढ़ में गायों के साथ एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां मुंगेली जिले के पथरिया कस्बे में 24 गायों की मौत हो गई है। ये गाएं एक तस्कर के बाड़े में बंद थीं। तीन दिन से चारा-पानी नहीं मिलने की वजह से गायों ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। बाड़े में मौजूद दूसरी गायें भी गंभीर रूप से बीमार हैं।



बताया जा रहा है कि, पथरिया कस्बे में प्रशासन ने पिछले दिनों खुले में घूमने वाले मवेशियों को बांधकर रखने की हिदायत दिलाई थी। वहां मवेशियों के खरीद-फरोख्त का कारोबार करने वाले छेदी उर्फ दरश गेंदले ने कई गायों को अपनी बाड़ी में बंद कर दिया। वहां कीचड़ था, और चारे-पानी का कोई इंतजाम नहीं था। इस पर भी वह व्यक्ति गायों को बिना चारा-पानी दिए ही अपने रिश्तेदार के यहां चला गया। इधर भूख-प्यास से तड़प रहे गाय और बछड़े मरने लगे। शनिवार को लोगों को इसका पता चला तो हंगामा मच गया। तुरंत प्रशासन को सूचना दी गई। अधिकारियों ने कीचड़ भरे बाड़ी से पहले तीन गायों का शव निकाला। कुछ देर बाद 17 और गायों का शव मिला।

बाद में कुछ और बीमार गायों ने दम तोड़ दिया। प्रशासन ने आनन-फानन में डॉक्टरों की टीम बुलाकर वहीं इलाज शुरू कराया। गायों के खाने-पीने का इंतजाम किया गया। अधिकारियों का कहना है कि जिस व्यक्ति छेदी राम की बाड़ी में गायें बंधी हुई थी वह गायों की तस्करी के मामले में जेल भी जा चुका है। अभी वह फरार है। पुलिस ने पशु क्रूरता कानून के तहत मामला दर्ज किया है। एसडीएम प्रिया गोयल ने बताया, मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कथित मवेशी तस्कर फरार है। इस मामले में पशु क्रूरता निवारण कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### पार्षद बोले, 15-20 साल से तस्करी कर रहा है छेदी

पथरिया में वार्ड 14 के पार्षद प्रकाश राय ने कहा, जिस व्यक्ति छेदीराम पिता धरमू के घर में गायों की मौत हुई है वह पिछले 15-20 साल से मवेशियों की तस्करी कर रहा है। उनके बार-बार मना करने पर भी उसने काम नहीं छोड़ा। कई बार शिकायत के बाद भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज स्थिति इतनी बदतर हो गई कि, उसके घर में 24 गायें मरी पड़ी हैं।

### पुलिस ने इस मामले में शुरू की जांच

इस मामले में पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है आरोपी के दो-तीन रिश्तेदारों को हिरासत में भी लिया गया है। तहसीलदार शिवम पाण्डेय ने बताया, पुलिस सभी आरोपियों और गवाहों के बयान ले रही है। पुलिस पूरा रिकॉर्ड खंगालेगी कि,ऐसा कैसे हुआ। विधिवत जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।




### गायों की मौत पर विपक्ष भी हमलावर



पथरिया में एक साथ 24 गायों की मौत पर मुख्य विपक्षी दल भाजपा हमलावर है। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, मवेशी तस्करों का अत्याचार इस कदर बढ़ चुका है कि बेजुबानों को भूखे-प्यासें, कीचड़ों में रखकर तड़पाया जा रहा है। पथरिया में गायों की मौत हुई है। सरकार को हैवानियत की हद पार करने वालों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। कौशिक ने कहा, गौ-रक्षा के नाम पर प्रदेश की जनता से झूठ कहने वाली कांग्रेस सरकार इस गौ-हत्या की जिम्मेदार है।

## कृषि महाविद्यालय रायपुर रहा ओवरऑल चौंपियन रहा

### पूर्वी क्षेत्र अंतर महाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर्महाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय रायपुर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियन का खिताब जीता। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र भाटापारा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 22 सितम्बर से 25 सितम्बर के मध्य खेली गई। जिसमें राज्य के पूर्वी क्षेत्र के 11 महाविद्यालयों के 305 छात्र-छात्रा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



इस चार दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कुलपति डॉ. चंदेल ने मौके पर सभी विजेताओं को शील्ड और प्रमाण पत्र का वितरण किए।

## रात को पुलिस अफसरों ने की जांच-पड़ताल

**कोरबा** । कोरबा क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए क्या कुछ हो सकता है, इसके लिए निर्देश के अलावा अब जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रात्रि को विभिन्न क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज कराने के साथ आने जाने वाले लोगों से पूछताछ करने के साथ गाडियों की जांच पड़ताल की।

खाकी का हो खौफ..तभी अपराध पर अंकुश

## जुआ-सट्टा के बड़े खाईवाल पर हो कार्रवाई- डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह रविवार को एक दिवसीय दौरे पर राजनांदगांव पहुंचे। सृष्टि कॉलोनी में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत किया। जुआ,सट्टा पर प्रतिबंध लगाने के लिए सख्ती बरतने पर जोर दिया।

रमन सिंह ने कहा कि छोटे सटोरियों की गिरफ्तारी कर खानापूर्ति करने के बजाए पुलिस को जुआ-सट्?टा के कारोबार से जुड़े बड़े अपराधियों के खिलाफ



कार्रवाई करनी चाहिए। तभी इस पर अंकुश लगेगा। पुलिस को इस पर पुलिस को कड़ाई बरतना चाहिए। पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंजोरा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं के साथ लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस को सख्त होने की जरुरत- रमन सिंह

*रमन ने सृष्टि कॉलोनी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया। प्रदेश में बढ़ते जुआ-सट्टा के कारोबार पर चिंता जताते हुए उन्होंने इस अपराध से जुड़े बड़े लोगों पर कार्रवाई करने पर जोर दिया है। उनके मुताबिक पुलिस की दहशत जिले होनी चाहिए। पुलिस अगर सख्ती बरतेगी तो अपराध और अपराधियों पर नकेल कसेगी।*

**बैठक** गरियाबंद की हीरा खदान शुरू कराएगी सरकार

# सीएम भूपेश बघेल ने अफसरों से कोर्ट की रोक हटवाने की कोशिश करने को कहा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सरकार गरियाबंद के पायलीखंड हीरा खदान को शुरू कराने की कवायद में जुट रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खनिज विभाग के अफसरों को न्यायालय से लगी रोक हटवाने की कोशिश करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा, न्यायालय ने स्टे ऑर्डर को वापस लेने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि वहां हीरा खदान संचालित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को जिला खनिज न्यास मद और राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस इस दौरान अफसरों से कहा, स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी उपकरणों की खरीदी के लिए विभाग के बजट का ही उपयोग किया जाए। इसके लिए जिला



खनिज न्यास मद का उपयोग नहीं करना है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए इस मद से उपकरणों की खरीदी की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार खनिज न्यास मद से कार्यालयों में उपयोग के लिए वाहनों की खरीदी प्रतिबंधित रहेगी, लेकिन स्वास्थ्य जैसी अति आवश्यक सेवाओं के लिए एंबुलेंस और शव वाहन खरीदे जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, खनिज न्यास मद की राशि का आवंटन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावित जिलों में निर्धारित अनुपात के आधार पर किया जाए। इसमें नये बने पांच जिलों के लिए भी राशि का आवंटन सुनिश्चित करना है।

### अब तक 70 हजार काम मंजूर हो चुके

*मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया, जिला खनिज न्यास के गठन से लेकर अब तक 70 हजार काम मंजूर हुए है। इसके लिए 10 हजार करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। अभी तक 43 हजार काम पूरे हुये हैं।*

# शराब की बोतलों, गुटखा पैकेट से बनाया दुर्गा पंडाल

## झांकी में दिखेगी गांजे की खेती; नशा छोड़ने के लिए शपथ जोन भी

**दुर्ग।** 26 सितंबर से नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 270 से अधिक जगहों पर सोमवार से मां दुर्गा विराजेंगी। इस बार दुर्गा उत्सव समितियां पंडाल की भव्यता के साथ ही जन जागरूकता को लेकर विशेष झांकी भी तैयार करा रही हैं। पावर हाउस के लाल मैदान में नशा मुक्ति थीम पर बन रही झांकी की खूब चर्चा हो रही है। कोरोना काल के लंबे अंतराल बाद जिले में फिर से पहले की तरह दुर्गा उत्सव की धूम दिखेगी। जिले में लगभग 60-70 बड़ी दुर्गा प्रतिमा भव्य पंडाल में बैठाई जा रही हैं। पंडालों को इतना भव्य रुप




से सजाया जा रहा है कि, लोग मां दुर्गा के दर्शन के साथ पंडाल की भव्यता को देखने दूर-दूर से आएंगे। नेताजी सुभाष नवयुवक जागृति दुर्गोत्सव समिति लाल मैदान पावर हाउस इस बार अपना 51वां दुर्गा उत्सव मना रही है। यहां 14 फीट की विशाल मां दुर्गा की प्रतिमा विराजेंगी। समिति ने इस बार भक्तों को नशे से दूर रहने का संदेश देने के लिए नशा मुक्ति थीम पर झांकियां तैयार करवाई है। इस झांकी को तैयार करने में 25 हजार से अधिक शराब की बोतलें लगाई गई हैं। गुटखे के पैकेट से पंडाल को सजाया गया है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा और विपक्ष के समक्ष राजनीतिक जमीन का संकट

नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से उनकी पार्टी ने 2014 और 2019 के आम चुनावों में अपने दम पर बहुमत हासिल किया है। यह ऐसी उपलब्धि है, जिसे हासिल करने के करीब भी वह कभी नहीं पहुंच पाई थी। कभी उत्तर और पश्चिम तक सिमटी रहने वाली भाजपा ने पूर्व और दक्षिण में भी अपना प्रभाव बढ़ाया है।

मोदी के राष्ट्रीय फलक पर आने की अपनी महत्वाकांक्षा को सार्वजनिक करने से पहले तक बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर की पार्टी बन सकती है, अपने दम पर असम में सत्ता में आ सकती है और तेलंगाना में भी सत्ता हासिल करने के करीब पहुंच सकती है।

हालांकि चुनावों में भाजपा की प्रभावी जीत प्रभावी शासन में नहीं बदल सकी है। मई, 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत आर्थिक, सामाजिक, नैतिक और संस्थागत रूप से अपने रास्ते से भटक गया। महामारी के टूटे कहर से पहले ही नोटबंदी और पैबंद लगी जीएसटी ने अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा दिया था और फिर कोविड के दौरान प्रधानमंत्री की नीतियों ने उसे और नुकसान पहुंचाया। मोदी की सत्ता के दौरान खतरनाक रूप से संपत्ति कुछ पसंदीदा पूंजीपतियों के हाथों में केंद्रित हो गई है और दूसरी ओर श्रम भागीदारी दर में गिरावट आई है।

केंद्रीय गृहमंत्री की देखरेख में मुस्लिमों को कलंकित करने और हमारे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा उत्साह के साथ इसे आगे बढ़ाने से पहले से कमजोर सामाजिक ताना-बाना और तार-तार हो गया है। हमारे श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में योग्यता के बजाय विचारधारा के आधार पर कुलपतियों/ निदेशकों की नियुक्तियां किए जाने से विज्ञान तथा ज्ञान सृजन के क्षेत्र को बड़ा झटका लगा है। कुछ ऐसे सार्वजनिक संस्थान जिनसे स्वतंत्र रूप से काम करने की अपेक्षा रही है, वे हिंदुत्व की विचारधारा के औजार बन गए हैं; और अन्य संस्थान निर्लज्ज तरीके से सत्ता के करीबी पूंजीपतियों के लिए पक्षपाती हो गए हैं। कुल मिलाकर मोदी सरकार का सत्ता में रहने का रिकॉर्ड अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की सरकारों की तुलना में काफी कमतर है। वे अर्थव्यवस्था के संचालन में अक्षम हैं और उन्होंने समाज का गहराई से ध्रुवीकरण कर दिया है, उन्होंने सांविधानिक संस्थानों को खोखला कर दिया और हमारे लोकतंत्र को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया, इसके बावजूद मोदी की पार्टी को इन पंक्तियों के लिखे जाने तक राष्ट्रीय स्तर पर किसी तरह की चुनौती नहीं है। इस साल की शुरुआत में हुए पांच राज्यों के चुनावों में चार में जीतने के बाद भाजपा 2024 के आम चुनाव में जीत की प्रबल दावेदार हो गई। उनकी यह आरामदायक स्थिति उनके वित्तीय संसाधनों, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक ताकत और राज्य संस्थानों के नियंत्रण के कारण है, और दूसरी तरफ एक विश्वसनीय राष्ट्रीय विपक्ष की कमी है। एक उदासीन प्रशासनिक रिकॉर्ड के साथ स्थायी राजनीतिक सफलता की परिघटना आधुनिक दुनिया में असामान्य नहीं है। रूस में व्लादिमीर पुतिन, तुर्की में रिसेप एर्डोगन और जिंबाब्वे में रॉबर्ट मुगाबे ने लंबे समय तक सत्ता सुख भोगा है, बावजूद इसके कि उनके शासनकाल में उनके देश की अर्थव्यवस्था, संस्थाएं, सामाजिक ताना-बाना और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा छिन्न-भिन्न हो गई। भारत के एक इतिहासकार के रूप में मैं छोटी-सी तुलना करना चाहूंगा, जो कि वास्तव में इसके काफी करीब है। मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी और भाजपा केंद्र के स्तर पर उसी का अनुकरण कर रहे हैं, जो ज्योति बसु और माकपा ने पश्चिम बंगाल में पहले किया था। वाम मोर्चा, माकपा जिसका प्रमुख घटक था, 34 बरसों तक कोलकाता में सत्ता में रहा। उसमें से 23 साल ज्योति बसु मुख्यमंत्री रहे। और वह कोई प्रभावी मुख्यमंत्री भी नहीं थे। भारत में मोदी की भाजपा की तरह पश्चिम बंगाल में बसु की माकपा चुनाव जीतने में माहिर थी और शासन में अयोग्य। 1977 में जब ज्योति बसु पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने, उस समय उसके पास मजबूत औद्योगिक आधार था, शानदार यूनिर्विसिटी थीं, तट तक पहुंच थी और समृद्ध सांस्कृतिक जीवन था। यदि राज्य सरकार को समझदारी से चलाया गया होता, तो पश्चिम बंगाल आज भारत के सर्वाधिक विकसित प्रदेशों में से एक होता। माकपा अपने आप में पश्चिम बंगाल में कुछ है और केरल में कुछ और। केरल में वाम जाति और लैंगिक समानता को लेकर सामाजिक आंदोलनों से प्रेरित रहा है और सत्ता में रहने के दौरान उसने शिक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया है।



## चुनावी जीत और सुशासन में फर्क

एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 के बाद से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार या छापेमारी करने वाले 95 फीसदी राजनेता विपक्षी दलों के हैं। केंद्र सरकार ने गुप्त चुनावी बांड योजना, और स्वतंत्र मीडिया चैनलों को धमकाकर और सच बोलने वाले पत्रकारों को गिरफ्तार करके भी राजनीतिक प्रक्रिया को अपने पक्ष में विकृत करने की कोशिश की है।

रामचंद्र गुहा

## संपादकीय

### बीएमसी के चुनाव में देरी होगी

कायदे से बृहन्नमुंबई महानगर निगम यानी बीएमसी के चुनाव की घोषणा हो जानी चाहिए थी। पहले कहा जा रहा था कि सितंबर या अक्टूबर में चुनाव होंगे। शिव सेना के टूटने के बाद एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 30 जून को नई सरकार बन गई थी। शिंदे गुट और भाजपा की साझा सरकार बने तीन महीने होने जा रहे हैं लेकिन अभी तक बीएमसी चुनाव की सुगबुगाहट नहीं सुनाई दे रही है। तभी पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सीधे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी और कहा कि अगर हिम्मत है तो एक महीने में बीएमसी का चुनाव करा कर दिखाएं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि बीएमसी के चुनाव में अभी और देरी होगी।

असल में भारतीय जनता पार्टी को अभी एकनाथ शिंदे गुट की राजनीतिक हैसियत को लेकर भरोसा नहीं बन रहा है। भाजपा को लग रहा है कि अभी चुनाव हुए तो उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेना बड़ी ताकत बन सकती है। शिंदे गुट अभी पिछड़ सकता है क्योंकि शिव सेना में टूट का मामला नया नया है और लोग इसे महसूस कर रहे हैं। अगर थोड़ा समय दिया जाए तो शिंदे गुट अपनी पकड़ मजबूत कर सकता है। एकनाथ शिंदे बतौर मुख्यमंत्री कुछ काम करके पुराने शिव सैनिकों और बाल ठाकरे के समर्थकों को अपने साथ जोड़ सकते हैं। समय बीतने से लोग शिव सेना की टूट को भूलेंगे भी। तभी ऐसा लग रहा है कि बीएमसी का चुनाव अभी तुरंत नहीं होगा। दिवाली के बाद हो सकता है कि चुनाव की घोषणा हो यानी नवंबर, दिसंबर से पहले चुनाव की संभावना नहीं है।

# आजादी का मिथक, जनमत संग्रह के औपचारिक प्रस्ताव और सामाजिक-राजनीतिक इच्छाशक्ति

जम्मू और कश्मीर के संदर्भ में पाकिस्तान बार-बार आजादी और जन इच्छा का नारा लगाता है। लेकिन कश्मीर के जिस हिस्से पर उसने 1947 से अवैध कब्जा किया हुआ है, वहां पर उसने इस सिद्धांत को कितना अमल में लाया? अभी तक जनमत संग्रह के तीन औपचारिक प्रस्ताव हुए हैं और हर मौके पर पाकिस्तान ने उसे खारिज कर दिया। माउंटबेटन ने दो नवंबर, 1947 को अपनी वार्ता में जिन्ना को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में जनमत संग्रह की पेशकश की थी। जिन्ना ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

उन्होंने सुझाव दिया कि इसके बजाय जनमत संग्रह को माउंटबेटन और उनके द्वारा द्विपक्षीय रूप से आयोजित किया जाना चाहिए। माउंटबेटन ने कहा कि वह सरकार के सांविधानिक प्रमुख होने के नाते ऐसा नहीं कर सकते। आखिर जिन्ना ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत जनमत संग्रह के प्रस्ताव को क्यों नकार दिया? जबकि उसके बाद से पाकिस्तान की यह आधिकारिक स्थिति बनी हुई है। उस समय कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित कबायली हमला जारी था और कबायलियों ने बिना फर्क किए हिंदुओं, मुसलमानों और ईसाइयों के साथ बलात्कार और लूटपाट को अंजाम दिया। जिन्ना समझते थे कि ऐसी परिस्थिति में जनमत संग्रह का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में नहीं होगा। दूसरा मौका 1950 में था, जब संयुक्त राष्ट्र के मध्यस्थ ओवेन-डिक्शन ने जनमत संग्रह का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने क्षेत्रीय जनमत संग्रह का सुझाव दिया था, क्योंकि एकल जनमत संग्रह के नतीजे से सीमा के दोनों तरफ अल्पसंख्यकों के समूह बचेंगे और उनका जबरन विस्थापन होगा। उन्होंने प्रस्ताव को घाटी तक सीमित कर दिया था, क्योंकि अन्य हिस्सों का परिणाम जनसंख्या की संरचना को देखते हुए सर्वविदित था। संयुक्त राष्ट्र को सौंपी रिपोर्ट में ओवेन-डिक्शन ने बताया कि भारत इस पर विचार करने के लिए तैयार था, पर पाकिस्तान ने इसे ठुकरा दिया। पाकिस्तान के प्रस्ताव ठुकराने का घोषित कारण यह था कि क्षेत्रीय जनमत संग्रह एकल जनमत के सिद्धांत से हटना था। ओवेन-डिक्सन ने बताया कि पाकिस्तान राज्य के विभाजन पर विचार करने के लिए तैयार था, बशर्ते कि उसे घाटी मिल जाए। एकल जनमत संग्रह केवल एक बहाना था।



भारत द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने से एक साल पहले, पाकिस्तान ने 2018 में पीओके में 32 विषयों पर सीधे विधायी और कार्यकारी अधिकार हासिल किया। बाकी 22 विषयों पर कानून बनाने के लिए पाकिस्तान की मंजूरी जरूरी है।

तीसरी बार पाकिस्तान ने 1953 में शेख अब्दुल्ला की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी के बाद द्विपक्षीय वार्ता का प्रस्ताव किया। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री मोहम्मद अली बोगरा वार्ता के लिए भारत आए। नेहरू-बोगरा वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने जनमत संग्रह के लिए प्रतिबद्धता जताई। बोगरा वापस चले गए और तीन महीने बाद एक दिसंबर को नेहरू को लिखे एक पत्र में उन्होंने जनमत संग्रह को रद्द कर दिया। उसका भी कारण वही था, जिसका हवाला पाकिस्तान ने 1950 में ओवेन-डिक्सन के प्रस्ताव को ठुकराते हुए दिया था। हम देख चुके हैं कि एकल जनमत संग्रह केवल एक बहाना था। शेख अब्दुल्ला की बर्खास्तगी के बाद भी पाकिस्तान जनमत संग्रह का जोखिम नहीं उठाना चाहता था।

इस तरह पाकिस्तान ने नेहरू के 1955 के बयान के चार महीने पहले ही जनमत संग्रह के विचार को खत्म कर दिया। पाकिस्तान ने बार-बार जनमत संग्रह को क्यों ठुकराया? पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के मध्यस्थ ओवेन-डिक्सन के भारत दौरे से एक महीने पहले अप्रैल 1950 में पाक अधिकृत कश्मीर के पहले राष्ट्रपति सरदार इब्राहिम को बर्खास्त कर दिया था। यह उसके कबीले सुधन के विद्रोह की शुरुआत थी। जल्दी ही यह विद्रोह पीओके के अन्य हिस्सों में फैल गया। इसे कुचलने के लिए पाकिस्तानी सेना द्वारा शुरू किया गया सैन्य अभियान 1950 के दशक के अंत तक जारी रहा।

डीपी श्रीवास्तव

## मिला जुला

# कलेक्टर ने गिरौदपुरी सोनाखान के आधा दर्जन शासकीय संस्थानों का किया निरीक्षण

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में मिली अव्यवस्था, अधीक्षक अधीक्षिका को निलंबन करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कलेक्टर रजत बंसल ने आज जिले मुख्य पर्यटन स्थल गिरौदपुरी एवं सोनाखान पहुंचकर विभिन्न निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान गिरौदपुरी एवं सोनाखान में स्थित आधा दर्जन से अधिक शासकीय संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। जिसमें गिरौदपुरी में कन्या,आश्रम,बॉयस छात्रावास,नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य उसी तरह सोनाखान में एकलव्य छात्रावास,स्वास्थ्य केंद्र,नवीन तहसील कार्यालय सहित अन्य स्थल शामिल है। इस दौरान उन्होंने खास हॉस्टल में पढ़ने वाली सभी बच्चों से वन टू वन बातचीत कर व्यवस्थाओं एवं पढ़ाई के संबंध में जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति को देखकर एवं सोनाखान स्थित एकलव्य हॉस्टल की अव्यवस्था,खाने की गुणवत्ता,पढ़ाई सहित साफ-सफाई पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। इसके साथ एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान के प्राचार्य संतोष कुमार चौहान सहित हॉस्टल अधीक्षक गौरी पैकरा को भी कार्य स्थल से हटाते हुए निलबंन करनें आदेश सहायक आयुक्त को दिए है। गौरतलब है कि 8 सितंबर को दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। उक्त नोटिस छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्यालय से अनुपस्थित,खाने की शिकायतें एवं आयोग के सदस्यों से दुर्व्यवहार करनें कारण जारी किया गया था। प्रारंभिक जांच के दौरान उक्त आरोप सही भी पाया गया है। कलेक्टर रजत बंसल ने गिरौदपुरी एवं सोनाखान को टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने सर्वप्रथम पूज्य गुरुघासी दास के जन्मस्थली में पहुंचकर गुरू बाबा का आशीर्वाद लिया एवं वहां चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें जन्मस्थली के संबंध में समाज प्रमुखों से जानकारी हासिल की साथ ही पूरे स्थल का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होनें शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति स्थल पहुँचकर रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होनें शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में बनाये संग्राहलय का भी अवलोकन कर इस स्थल के संबंध में जानकारी हासिल की। साथ ही उन्होंने गांव के महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों, युवा समिति के सदस्यों से मुलाकात की। जिसमें सोनाखान में पर्यटन के लिहाज से विकसित किए जा रहें होम स्टे के संबंध में विस्तृत चर्चा की। साथ ही गांव वालों की मांग पर मिडिल स्कूल हेतु नये भवन को स्वीकृति देने एवं अस्पताल में एमबीबीएस डॉक्टर नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। उक्त निरीक्षण के दौरान डीएफओ के आर बढ़ई, लोक निर्माण विभाग लोक आरईएस, जल संसाधन,पीएचई, आदिवासी विकास एवं एसडीएम कसडोल भूपेंद्र अग्रवाल सहित तहसीलदार विवेक पटेल,अतिरिक्त तहसीलदार राधेश्याम वर्मा,जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित थे।

# गहलोत के बाद राजस्थान का पायलट तय नहीं, रेस में आगे चल रहे 4 नाम

**चौंकाने वाला हो सकता है फैसला**



**जयपुर।** राजस्थान में की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा, इसको लेकर तमाम तरह की अटकलें जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की प्रबल संभवानाओं के बीच लगभग यह तय हो चुका है कि जल्द उनका ठिकाना दिल्ली होगा। इधर, राजस्थान में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर आज बड़ा फैसला हो सकता है। विधायक दल की बैठक में नए नेता का चुनाव किया जा सकता है। 2018 से ही 'सब्र' करके बैठे सचिन पायलट सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान खासकर राहुल और प्रियंका गांधी पायलट के पक्ष में बताए जा रहे हैं। हालांकि, गहलोत इसके लिए अभी तक तैयार नहीं है और राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले वरिष्ठ नेता अपने दांव से चौंका सकते हैं।

2020 में बगावत के लिए अब तक पायलट को माफ नहीं कर पाए गहलोत राजस्थान पर अपनी पकड़ बरकरार रखना चाहते हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो राहुल गांधी की ओर से 'एक व्यक्ति एक पद' का संकल्प याद दिलाए जाने के बावजूद गहलोत एक और कोशिश करेंगे कि अध्यक्ष बनने के बाद भी राजस्थान में सीएम की कुर्सी अपने पास रखें।

# पुलवामा में आतंकी हमला, 2 लोगों को मारी गोली



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में बड़ी आतंकी वारदात सामने आई है। जिले के रत्नीपोरा में शनिवार को आतंकवादियों ने 2 मजदूरों पर गोलियां चलाकर उन्हें घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस का कहना है कि दोनों घायल मजदूर बिहार के बेतिया जि़ले के रहने वाले हैं। उधर, आतंकी वारदात के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। पूरे इलाके में आतंकियों की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# नीतीश के विपक्षी एकजुटता की ओर बढ़ रहे कदम, लालू के साथ दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विपक्षी दलों को एकजुट करने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ रविवार शाम को वे दिल्ली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे।



इन नेताओं के बीच बीजेपी विरोधी गठबंधन को लेकर बातचीत होगी। नीतीश कुमार रविवार को हरियाणा के फतेहाबाद में दिवंगत चौधरी देवीलाल की जयंती पर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की रैली में भी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक लालू प्रसाद यादव शनिवार की शाम को ही दिल्ली पहुंच गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटना से रवाना होंगे। देशभर के विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की चल रही कोशिश के क्रम में दोनों नेताओं की सोनिया गांधी से मुलाकात हो रही है। इससे पहले रविवार को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हरियाणा के फतेहाबाद में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा आयोजित रैली में भाग लेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री भी पटना से रविवार को विमान से रवाना होंगे। इस रैली में विभिन्न राज्यों के दलों के आला नेता भाग लेंगे। इस रैली के बहाने भी विपक्षी दल अपनी एकता का प्रदर्शन करेंगे। मालूम हो कि नीतीश कुमार विपक्ष को एक मंच पर लाने की कवायद को लेकर ही दिल्ली में पांच से सात सितंबर तक थे।

# एलसीआईटी स्विमिंग खिलाड़ी प्रसंग श्रीवास्तव नेशनल गेम्स के लिए चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी बिलासपुर के होनहार के स्विमिंग खिलाड़ी प्रसंग श्रीवास्तव का चयन नेशनल गेम्स 2022 के लिए छत्तीसगढ़ की स्विमिंग टीम में हुवा है इस संबंध में जानकारी देते हुवे महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि प्रसंग श्रीवास्तव एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बिलासपुर में बी काम फाइनल का छात्र है और उनका चयन 36 वा नेशनल गेम्स 2022 के लिए हुआ है नेशनल गेम्स 2 से 8 अक्टूबर 2022 तक गुजरात के राजकोट के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्विमिंग पूल में आयोजित होगा। जो तेरह साल बाद आयोजित किया जा रहा है नेशनल गेम्स हर चार साल में आयोजित किया जाता है लेकीन 35 वा नेशनल गेम्स गुवाहाटी असम में 2013 में आयोजित किया गया था उसके बाद 2022 में 36 वा नेशनल गेम्स राजकोट में आयोजित हो रहा है स्विमिंग में छत्तीसगढ़ से एलसीआई टी कालेज के बी कॉम फाइनल के छात्र प्रसंग श्रीवास्तव को अपने तीन इवेंट्स 50 मीटरए100 मीटर और 200 मीटर बटर फ्लाई में नेशनल गेम्स के लिए चयन किया गया है। प्रसंग श्रीवास्तव नेशनल गेम्स खेलने के लिए 30 सितम्बर को रायपुर से राजकोट के लिए प्रस्थान करेंगे इससे पहले प्रसंग का चयन ओपन सिनियर स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुवा था जो 6 से 10 सितम्बर तक गुवाहटी आसाम में आयोजित था इनके चयन होने पर महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन,उप संस्था प्रमुख अंकित जैन एटी एस चैयरमेन उपकार राय,महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उप प्राचार्य अभिनव पाल, इंजीनियरिंग विभाग प्राचार्य डॉ.श्रुति राठौर,उप प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 26 सितंबर 2022

# रमन ने भूपेश पर साधा निशाना, विधायक को सौंपा गंगाजल

## सैकड़ों की महफिल में पहुंचे विधायक निवास

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



कांग्रेस के खिलाफ गंगाजल कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे छग के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंहए मुख्यमंत्री भूपेश सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आपने ऐसी सरकार देखी है जिन का सारा का सारा आधार झूठ पर आधारित है। चुनाव में 36 जनघोषणा पत्र जारी करने वाले भूपेश बघेल को वादा याद दिलाने के लिए हमारी माता-बहनों को गंगाजल हाथ में लेकर यात्रा निकालना पड़ रहा है। गंगाजल का सौगंध खाया है। इनको वादा पूरा करना पड़ेगा। आज गांव-गांव में कहीं भी बैठक में मैं जाता हूं गांव की जनता कहती है कि छत्तीसगढ़ सबसे बड़ा लबरा कौन है। मैं पूछ रहा हूं कि राहुल गांधी और भूपेश बघेल गांव.गांव के सभा में एक हाथ में गंगाजल लेकर जनता के सामने कसम खाई थी। सौगंध खाई थी कि छग में उनकी सरकार बनी तो घोषणापत्र में जो 36 वादे किए हैं उस वादे को पूरा किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस की सरकार यदि बन जाएगी मैं दूसरे दिन निर्णय लूंगा कि छत्तीसगढ़ में शराबबंदी हो जाए।

आज 4 साल होने जा रहा है। शराबबंदी नहीं कर पाई है। 5 लाख अधिकारी-कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। इस राज्य में मैं मुख्यमंत्री था। 15 साल आपने बनाया था। मैं मुख्यमंत्री जनता के आशीर्वाद से बना। 15 साल में मैंने सिर्फ और सिर्फ 36 हजार करोड़ कर कर्ज लिया था। भूपेश सरकार महज साढ़े 3 साल में 56 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है। भूपेश बघेल ने मुझसे पूछा डॉक्टर रमन विकास की बहुत बात करते हो, छत्तीसगढ़ में क्या परिवर्तन आया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो क्या-क्या किया। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण करने वाले कोई और नहीं,भारतीय जनता पार्टी के अटल बिहारी वाजपेई हैं। राज्य निर्माण के बाद जब घर का बच्चा रात को भूखा सोता था तो मां रात भर सो नहीं पाती थी। यह छत्तीसगढ़ मैंने देखा है। डॉक्टर होने के नाते मैंने देखा है, आपने भोगा है। उस छत्तीसगढ़ में गरीब परिवारों को 1 रुपये किलो चावल देने का काम की शुरुआत हमने की। समय के साथ किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुआ। 2003 में मुख्यमंत्री बना सिर्फ और सिर्फ चंद विद्युतीकृत नलकूप कनेक्शन थे। 15 साल में स्थिति बदल गई। जो हमारी सरकार ने किया है। मोदी जी को प्रधानमंत्री बने 8 साल हो हुए हैं। और उन्होंने इस दौरान देश मे चमत्कार कर दिया। पूरे हिंदुस्तान में कांग्रेस का पत्ता साफ हो गया। भारत के नक्शे को उठाकर देखोगे तो कांग्रेस को ढूंढते रह जाओगे। पूरे हिंदुस्तान के नक्शे में कांग्रेस की यह स्थिति है कि आज वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं बना सकते। आने वाले चुनाव में राजस्थान में भी कांग्रेस साफ होने वाला है। मोदी ने हर घर में रोशनी कर दी है, घर-घर में स्वच्छता अभियान में शौचालय का निर्माण बिजली की व्यवस्था की है। भूपेश बघेल ने तो अपराध किया है। इसलिए आज गंगाजल यात्रा निकालनी पड़ी है। और दूसरी यात्रा भी निकालना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के गरीबों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ है। 16 लाख आवास जो गरीबों के बनने थे। कांग्रेस की सरकार आने से नहीं बन रहे। फण्ड वापस हो चुका है जो सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। प्रदेश सरकार के पास आवास के लिए पैसा नहीं है। पूरे छत्तीसगढ़ में गांव गरीब और किसान के लिए हमने यात्रा शुरू की। गांव-गांव में प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल तक सड़क कनेक्टिविटी 30000 किमी को बढ़ाकर 60000 किमी कर सड़क बनाया। 16 नए जिले का निर्माण कर उसका बेहतर तरीके से संचालन किया। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लोगों के मन में भय नहीं था। अब सड़क नहीं बन रहा है। फोरलेन नहीं बन रहा है। पुलिया नहीं बन रहा है, स्कूल नहीं बन रहा है। कांग्रेस रोड नहीं बना पा रही है। सरोवर की योजना पूरी नहीं हो रही है। कन्यादान योजना को बंद कर दिए। चरण पादुका वितरण का काम बंद कर दिया। सारे काम बंद करते जा रहे। 4 साल में गरीबों का सिर्फ और सिर्फ अधिकार छीना है। आप से सवाल करना है, उस वादे को याद कराने के लिए महासमुंद की जनता सड़कों में हैं और गंगाजल के अपमान का बदला लेगी। केंद्र सरकार माता और बहनों के लिए घर बनाने और रसोई गैस देने का काम कर रही है। टीके लगाने का काम कोविड.19 में हुआ और 80 करोड़ लोगों को हर परिवार के हर सदस्य को 5 किलो चावल देने का काम भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में हुआ। उसको भी भूपेश सरकार के लोग खा गए। मोदी ने हर गरीब परिवार को और हर घर के व्यक्ति के लिए 5 किलो चावल दिया और भूपेश ने उसमें गड़बड़ किया। 5 लाख अधिकारी-कर्मचारी लगातार 15 दिन आंदोलन करते रह गए कभी भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में इन्हें आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ी थी। मैं पूछता हूं कि विकास के काम कहां गया। सड़क, पुलिया,स्कूल, अस्पताल के काम बंद क्यों है। अभी आंदोलन रायपुर में हुआ जिसमें सरकार को हिला के रख दिया। चुनाव को ज्यादा वक्त नहीं है। महासमुंद जिला अध्यक्ष को और यहां के पूरे जिले की टीम को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि यह गंगाजल यात्रा निकालने का प्रयोग और जनजागरण का काम प्रारंभ किया है। गांव से 246 बूथों से हमारी बहनें गंगाजल लेकर आई है। और यह गंगाजल हम किसी का विरोध के लिए नहीं लाए हैं।

## एक नजर

### नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को चन्द घण्टे में किया गिरप्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

शाम करीबन 03 बजे स्कूल से लौट रही नाबालिग बालिका को ग्राम जरगा निवासी आरोपी आशाराम यादव पिता सुरेश यादव उम्र 18 वर्ष 04 माह निवासी जरगा का बालिका का रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने लगा, घबराई बालिका द्वारा भागकर अपने घर वालों को घटना के संबंध में जानकारी दी गई। तब बालिका एवं उसे परिजनों द्वारा घटना की सूचना चौकी बेलगहना में दी गई। की सूचना पर चौकी बेलगहना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये धारा 341,354 भादवि एवं 08 पाक्सो एक्ट अन्तर्गत आरोपी आशाराम के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महिला संबधी अपराधों त्वरित कार्यवाही करने हेतु प्राप्त निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुयेए बेलगहना पुलिस टीम द्वारा रिपोर्ट दर्ज होने के चन्द घण्टो में ही आरोपी आशाराम को गिरप्तार किया गया है। गिरप्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। स्कूल आती जाती बालिकाओं पर छिटाकशी करने वाले एवं स्कूल मार्ग पर खड़े होकर आवारागर्दी करने वाले युवको पर भी कार्यवाही की जायेगी ।



### मुख्यमंत्री आदेश की हो रही अवहेलना, धान खरीदी पंजीयन को लेकर किसान हो रहें परेशान-तुषार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने पत्र के माध्यम से कहा मुख्यमंत्री आपके द्वारा घोषणा किया गया है कि 1 नवम्बर से धान खरीदी की जाएगी जिसको लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के जरिए अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक लेकर आगामी एक नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। ठीक उसके विपरीत महासमुंद जिले में मुख्यमंत्री मुख्यसचिव के आदेशों को दरकिनार करते हुए महासमुंद जिले में धान खरीदी को लेकर अभी तक पंजीयन का कार्य शूरू नहीं हुआ है। जिससे किसान परेशान हैं, मुख्य सचिव ने अधिकारियों को हर हाल में एक नवम्बर से पहले तक राज्य के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक नवम्बर से धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए सभी समितियों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने समितियों को बारदाने की आपूर्ति करते समय अधिकारियों को इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए कि जिन समितियों में धान की आवक ज्यादा होती है, वहां बारदाना आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जाए। किसानों से खरीदे जाने वाले धान के एवज में एक नवम्बर से ही राशि का भुगतान किसानों के खाते में किए जाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जिसके विपरीत जिला महासमुंद के सभी सेवा सहकारी समिति में संशोधन के लिए किसान सोसायटी और ग्राम सेवक के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन यहां कोई ग्राम सेवक है नहीं कोई सोसाइटी के कर्मचारी किसानो को परेशानी का भरपूर सामना करना पड़ रहा ह। आपसे निवेदन है कि जल्द से जल्द पंजीयन करने के आदेश जारी करें।



# आयुर्वेद फार्मसिस्ट की रहस्यमय मौत

## हत्या या हादसा खल्लारी पुलिस जांच में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी ग्राम तमोरा में आयुर्वेद फार्मसिस्ट की देर रात रहस्यमय तरीके से मौत होने का मामला सामने आया है। आयुर्वेद फार्मसिस्ट की मौत बड़े ही रहस्यमय तरीके से होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है किए बीती रात मृतक का शरीर अचानक फटने लगा और वह खून से लथपथ होने लगा। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। जिसे डॉक्टरों ने अस्पताल लाते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम रामकुमार दीवान उम्र 55 साल है। खल्लारी थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया किए मृतक अपनी पत्नी और 8 माह की बेटी के साथ घर पर था। पत्नी और बेटी कमरे में सो रहे थे और मृतक रामकुमार बरामदे में सोया हुआ था। बीती रात करीब 3 बजे मृतक रामकुमार दीवान की पत्नी भुनेश्वरी दीवान उम्र 26 वर्ष को, आवाजें सुनाई दी मानो कुछ फट रहा है। बाहर निकल कर देखा तो उसके पति के शरीर से खून निकल रहे थे। उसने घर के बाहर दूसरे रूम में सो रहे नौकर गेन्दू उम्र 50 साल को आवाज देकर बुलाई। पत्नी और नौकर घर के कार से उसे मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल लेकर गए थे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रामकुमार के शरीर पर जगह जगह पर घाव के निशान हैंए जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पीएम के लिए भेजा। मृतक के शव को पीएम होने के बाद उससे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पीएम का शार्ट पीएम रिपोर्ट मंगाया गया हैए फिलहाल मृतक के मौत में कई संदिग्ध और रहस्य भरे सवाल है। जिनका जवाब शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद मिल सकेगा और पुलिस की जांच की दिशा तय हो पाएगी। फिलहाल मामले में खल्लारी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया जा रहा है किए मृतक रामकुमार दीवान ग्राम खट्टी में पदस्थ था। जो आयुर्वेद जिला कार्यालय महासमुंद में पिछले 20 सालों से स्टोर का काम देख रहा था।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ी भाषा हमारी आत्मा- विनोद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा महासमुंद में एक दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर संसदीय सचिव छग शासन एवं विधायक महासमुंद थे। अध्यक्षता उषा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद, दाऊलाल चंद्राकर जिला अध्यक्ष भारत स्काऊट गाइड, संजय शर्मा विधायक प्रतिनिधि, प्रो.डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य एवं डॉ.अनिल कुमार भतपहरी सचिव राजभाषा आयोग छग रायपुर मंचस्थ थे। सम्मेलन में साहित्यकारों, कलाकारों एवं महाविद्यालयीन छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं भाषा हमारी आत्मा है। छत्तीसगढ़ की परंपरा, रीति रिवाज एवं व्यंजनों का सुगंध राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा है। हमें इसके विकास एवं समृद्धि के लिये सतत प्रयास करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्धशाली बनाने छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर प्रयासरत है। अध्यक्षीय आसंदी से उद्गार व्यक्त करते हुये जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा कि छ.ग. के साहित्यकारों एवं कलाकारों ने हमारे प्रदेश का मान बढ़ाया है। विशेषकर महासमुंद के रचना शिल्प साहित्यकारों का यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

# भूतपूर्व महिला टीआई के घर चोरी, चोरों ने 35 हजार रुपए की वारदात को दिया अंजाम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले में चोरी के बढ़ते मामलों ने पुलिस के नाक में दम कर दिया है। एक के बाद लगातार हो रही चोरियों से जनता और व्यापारी परेशान है बावजूद इस पर पुलिस लगाम नहीं लग पा रही है। हालंहि में राजधानी रायपुर में पदस्थ महिला टीआई के महासमुंद मुख्यालय स्थित सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धाबा बोल 35 हजार रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। कोतवाली पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। कोतवाली पुलिस को महिला टीआई प्रमिला मंडावी ने बताया कि वे रायपुर में ईओडब्लू कार्यालय में निरीक्षक के पद पर पदस्थ है और रायपुर में निवासरत है। उनका यहां महासमुंद में न्यू सिविल लाइन में निवास है जहां महीने में एक दो बार आती है। मकान के सामने गेट की चाबी गुलाब नामक व्यक्ति के पास है। पिछले माह 7 अगस्त को वे यहां आई थी और मकान की साफ-सफाई कराकर गेट की चाबी गुलाब को देकर रायपुर चली गई। 23 सितंबर की रात में वे यहां अपने मकान में आई और गेट का दरवाजा खोल अंदर प्रवेश किया तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सभी के कमरों के ताले टूटे हुए थे। बाथरुम में लगे जम्बो सेट, सावर युनिट, बाथ हेंगर, कांसे बर्तन, 1 गैस सिलेंडर, 1 साइकिल, पूजा के चांदी के 10 नग सिक्के, 1 सोपीस एंव साड़िया बच्चों के कपड़ेए बर्तन आलड्राफ सहित करीब 35 हजार रुपए का सामान अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

# जनसंघ के संस्थापक पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



जनसंघ के संस्थापक पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आज बुथ क्रमांक 260 ओछीना पारा वार्ड नं 10 रतनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक रखा गया था। इस बैठक में वार्ड के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय रहा। बैठक में प्रभारी रोहणी बैसवाड़े उपस्थित रहे एवं कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित किया। सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व तिलक लगाकर नमन करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए। शक्ति केंद्र प्रभारी रोहिणी बैसवाड़े का कमल फूल भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात भी सुना गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शक्ति केंद्र प्रभारी रोहिणी बैसवाड़े ज्वाला कौशिक भुवनेश्वर भारद्वाज विजय यादव परमेश्वर मांडवा राजेश मांडवा प्रभु यादव निरंजन यादव बुधराम देवी प्रसाद राजेंद्र कौशिक कामता मांडवा कामता प्रसाद मनोज मांडवा रतीराम शत्रुहन मांडवा चन्द्रकमल सुकदेव रोशन भारद्वाज रोशन लास्कर हेमंत मांडवा किरण मांडवा करन मांडवा राम अवतार सूरज कौशिक बिट्टू मांडवा सजंय कमलसेन अनूप कौशिक रामखिलावन कोशले मृगेन्द्र कोशले राजीव मांडवा बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम संचालन ज्वाला कौशिक मंडल कार्यसमिति सदस्य ने किया कार्यक्रम समापन व अभार परमेश्वर मांडवा मंडल कोषाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया।

# वन विभाग आरटीआई से नहीं दी जा रही जानकारी

* जन सूचना अधिकारी द्वारा आरटीआई की धारा 8 (1) (जे) का किया जा रहा दुरपयोग

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबजार।




जिला बलौदा बाजार भाटापारा के अंतर्गत वन विभाग के जन सूचना अधिकारी जिला वन मंडल अधिकारी द्वारा आरटीआई से जानकारी चाहिए जाने पर जानकारी नहीं दिया जा रहा है प्रार्थी द्वारा पूर्व माह 25 अगस्त 2022 को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वन विभाग में कार्यरत समस्त कर्मचारी के अधिकारियों की सूची नाम, पदनाम एवं कार्यक्षेत्र सहित संपर्क न, सत्यापित छाया प्रति उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसको आरटीआई एक्ट के समय सीमा के भीतर जन सूचना अधिकारी द्वारा डाक के माध्यम से भेजा गया पत्र में जानकारी को निरंक बताया गया जिसमें निरंक को होने के कारण को भी स्पष्ट किया गया कि आपके द्वारा चाही गई जानकारी तृतीय पक्ष से संबंधित है अधिनियम की धारा 8;1,जे के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदान नहीं किया जा सकता है।

आरटीआई के जानकारों के अनुसार जन सूचना अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं देने केमंशा से धारा 8;1;जे दुरुपयोग किया जाता है धारा 8;1,जे पर्सनल इनफॉरमेशन व्यक्तिगत कारण बताकर गुमराह किया जाता है जबकि धारा 8;1, जे में स्पष्ट लिखा है कि जो सूचना संसद एवं राज्य की विधानसभा को दी जा सकती है वह सूचना किसी भी व्यक्ति को दी जा सकती है। जन सूचना अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं देने पर प्रार्थी का कहना यह है कि मेरे द्वारा विभाग के लोक सेवक जो शासन के अधीन कार्यरत उनकी जानकारी मांगी गई मैं वन विभाग में आवेदन दिया था ना किसी के घर में दिया हुं। नियम में यह भी प्रावधान है कि कोई भी विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रथम श्रेणी तक लोक सेवक की एक सूची बोर्ड जिसमे नाम पदनाम उल्लेखित हो।

## क्या चस्पा किया जाता है।

* आप इस प्रकार के व्यवस्था बनाये हो अगर इस प्रकार बोर्ड सूची बनी होती तो आरटीआई आवेदन की जरूरत ही नहीं होती।

# लाहिड़ी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मनाया एन एस एस स्थापना दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रासेयो का स्थापना दिवस स्वच्छता, श्रमदान, जागरुकता रैली और व्याख्यान कार्यक्रम के माध्यम से मनाया। रासेयो स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय की रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राम किंकर पाण्डेय के नेतृत्व और कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र के नेतृत्व में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर संपूर्ण परिसर की साफ-सफाई का कार्य किया। स्वच्छता अभियान के पश्चात स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर से छोटाबाजार शंभू चौक तक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरुकता रैली का आयोजन किया। रैली में कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति नगर वासियों को जागरूक करने के लिए आकर्षक नारे लगाए। रैली के पश्चात महाविद्यालय के स्मार्ट कक्ष में स्वयंसेवकों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित स्वयंसेवकों और अन्य छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राम किंकर पाण्डेय ने कहा कि रासेयो परिवार विश्व में युवाओं का सबसे बड़ा परिवार है। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर स्वयंसेवक समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण करता है। उन्होंने महाविद्यालय के नवप्रवेशित छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का आह्वान किया। इसी कड़ी में डॉ.धनसाय देवांगन सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को उनके व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें समाज से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जय सिंह सारस्वत सहायक प्राध्यापक भूगर्भ शास्त्र और डॉ.प्रदीप सिंह सहायक प्राध्यापक भूगोल ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने आसपास के लोगों की सेवा करने एवं सहयोग करने की भावना विकसित करने की बात कही एवं अपने आपको अनुशासन में रहते हुए राष्ट्र विकास में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए कहा। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विरेन्द्र कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना मैं से पहले आप की बात करता है। कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयंसेवकों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र विभाग से डॉ. कविता कृष्ण मूर्ति, वाणिज्य विभाग से सुश्री प्रेमा कुजूर सहित विविध विभागों के अतिथि व्याख्याता विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रिंस कुमार सिंह ने किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक दुर्गेश, अमन, रोनित,अर्जुन,ज्योतिर्मय तिवारी, कुंदन, मोहित यादव, शिवसागर, मनीष, विद्यासागर विक्रांत, आदि का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महाविद्यालीन कर्मचारियों, अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी विरेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पचास रुपए लीटर में गो मूत्र खरीदने की खबर पर वाहवाही लूटना दुर्भाग्यपूर्ण-योगेश तिवारी

## खाद बीज गोबर खरीदी समेत अन्य मामलों को लेकर ठगे जा रहे क्षेत्र के किसान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ से जापान के एक कम्पनी द्वारा पचास रुपए लीटर में कोसली नस्ल की गायों की मूत्र खरीदने का अनुबंध किए जाने की खबर से जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस खबर को सीएम के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर डाला।




जिससे यह खबर प्रदेश सहित बेमेतरा जिले में सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म में ट्रेंड करने लगी। पड़ताल में यह खबर झूठी निकली। इस सम्बंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने राज्य सरकार से मामले की पारदर्शी तरीके से जांच की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस मामले का संज्ञान लेकर किसानों की हित मे नीतियां बनाए। झूठी खबर को प्रचारित कर वाहवाही बटोरना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### हर स्तर पर ठगे जा रहे प्रदेश के किसान

सरकार अपनी घोषणा अनुसार 4 रुपए लीटर में गो मूत्र नही खरीद पा रही है। ऐसी स्थिति में जापानी कम्पनी की ओर से 50 रुपए लीटर में गोमूत्र खरीदने की ख़बर से क्षेत्र के लोग हैरान हैं। इसलिए नवागढ़ के साथ साथ बेमेतरा साजा व बेरला ब्लाक में भी यूनिट लगाने की मांग कर रहे हैं। योगेश तिवारी ने कहा कि किसानों को हमेशा कभी गोबर, गौ मूत्र, नकली दवाई, तो कभी झाईम खाद बीज के नाम पर ठगा जा रहा है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के किसानों में खासी नाराजगी है।

### किसानों से किए वादे को पूरा करने में आगे सरकार नाकाम

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रथम बेमेतरा आगमन पर उन्होंने जिले में शुगर प्लांट व



हर ब्लॉक में फ ूड प्रोसेसिंग प्लांट स्थापना की घोषणा की थी। लेकिन सरकार गठन के करीब 45 माह बाद भी इन घोषणाओं पर अमल नहीं हुआ है। जिले में कृषि आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दिए जाने का कांग्रेस की ओर से वादा किया गया था। क्षेत्र किसान आज तक उस वादा के पूरा होने इंतजार कर रहे हैं। अब कांग्रेस सरकार से क्षेत्रीय किसानों की उम्मीद टूटने लगी है।

## एक नजर

### प्रभारी मंत्री उमेश पटेल का बलौदाबाजार दौरा, सी मार्ट सहित सिटी सर्विलांस सिस्टम का करेंगे शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कैबिनेट एवं प्रभारी जिला मंत्री उमेश पटेल कल 26 सितंबर को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में रहेंगे। इस दौरान वह जिला मुख्यालय में बनाएं गए नवनिर्मित सी मार्ट एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम में आधुनिक सिटी सर्विलांस सिस्टम शुभारंभ कर जिला वासियों को सौगात देंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार पटेल कल सुबह 11 बजे सड़क मार्ग द्वारा रायपुर से रवाना होकर 12.30 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम पहुंचेंगे। यहां वह पुलिस विभाग द्वारा संचालित सिटी सर्विलांस सिस्टम का शुभारंभ करेंगे। फिर दोहपर 1 बजे सदर बाजार रोड में सी मार्ट का शुभारंभ करेंगे। 1.30 बजे सर्किट हाउस में आरक्षित एवं 3 बजे से 4.30 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के कामकाज की बैठक लेकर समीक्षा करेंगे। फिर वह 4.30 बजें कार से रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### ओमप्रकाश विश्वकर्मा को खेल में मिला स्वर्ण व कांस्य पदक

विधायक विनय जायसवाल ने दी बधाई व शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



अखिल भारतीय खेल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में ओमप्रकाश विश्वकर्मा को लंबी कूद में प्रथम आयु वर्ग व तवा फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त होने पर स्वर्ण पदक और कांस्य पदक मिला है। ओम प्रकाश विश्वकर्मा नगर पंचायत झगराखाण्ड के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। खेल के प्रति इनकी रूचि शुरू से रही है और आज 62 वर्ष की उम्र में भी वही हिम्मत और जज्बा कायम है। विश्वकर्मा क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरणा देते हैं और उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान करते हैं। आगामी दिसंबर माह में बांग्लादेश की राजधानी ढाका में होने वाले अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में विश्वकर्मा का चयन हुआ है। क्षेत्र का नाम रोशन करने पर जिले भर में हर्ष व्याप्त है। मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल ने ओमप्रकाश विश्वकर्मा को माला व मेडल पहनाकर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### करंट की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घासीपुर में केबल छतरी सेटिंग करने के दौरान करंट की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घासीपुर निवासी गणेश राम साहू पिता राजा राम साहू उम्र 26 वर्ष अपने घर की छत में केबल छतरी सेटिंग कर रहा था की इसी दौरान उसे बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत ही गयी। करंट की चपेट में आने के बाद परिजन तत्काल गणेश को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर लेकर पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर द्वारा गणेश साहू को मृत घोषित कर दिया। रतनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया है।

# दो बच्चों को शिक्षा के लिये मिला सहारा, सम्पदा महिला मंडल का पुनीत कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

महिला मंडल के तत्वाधान में संपदा महिला मंडल चिरमिरी क्षेत्र की अध्यक्ष पूनम सिंह के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर सरभोका प्रकल्प में आर्थिक रूप से कमजोर दो बच्चों की पूरे साल की शिक्षा शुल्क का पूरा भुगतान करके सामाजिक कार्यों की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है जिसकी हर तरफ सराहना की जा रही है। शिक्षण संस्था सरभोका प्रकल्प से प्राप्त जानकारी के अनुसार संपदा महिला मंडल एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की अध्यक्ष पूनम सिंह



को विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर 2 बच्चों के शिक्षा में आ रहे व्यवधान की जानकारी मिलने पर पूनम सिंह अपने सहयोगी रंजना पांडे, माया, सुनीता देवांगन वर्षा शिंदे, उषा राजेश,अर्चना गोलाइट के साथ सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरभोका प्रकल्प में आकर कक्षा प्रथम में अध्यनरत सत्य प्रकाश और छात्रा पलक ताडिया से जहां मुलाकात कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया वहीं उनके साल भर की फीस दस हजार रुपए का भुगतान भी शिक्षण संस्था को किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मिष्ठान व फ्ल का भी वितरण किया। इस अवसर पर संपदा महिला मंडल की अध्यक्ष पूनम ने कहा कि उन्होंने अपने सामाजिक कर्तव्य व दायित्वों का निर्वहन किया है।

# पोस्टकार्ड के माध्यम से भेजी जा रही प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई

भाजयुमो के प्रयास से हजारों बधाई संदेश किये प्रेषित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरे देश भर में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 24 सितंबर को पूरे कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को यादगार बनाने में जुटे हुए है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरे भारतवर्ष में कार्यकर्ता मना रहे है। भाजयुमो मंडल मनेंद्रगढ़ द्वारा भी सिविल लाइन एसडीएम कार्यालय के बगल मनेंद्रगढ़ में स्टॉल लगाकर पोस्ट कार्ड के माध्यम से नरेन्द्र मोदी को शुभ संदेश एवं जन्म दिवस की शुभकामनाएं भाजयुमो कार्यकर्ता एवं आम जनता के द्वारा भेजा गया है। उन्होंने हर आने जाने वाले राहगीरों से जन्मदिन का संदेश लिखवा कर पोस्ट किया है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में बधाई संदेश मोदी को प्रेषित किया गया है।

# सुकमा में होगा संभाग स्तरीय योग शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

आज की भागदौड़ की जीवन शैली के कारण शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए योग की महत्ता दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। ऐसे समय में योग के प्रति जागरूक होकर जीवन में अपनाने की आवश्कयता बढ़ गई है। इसी ध्येय से छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य राजेश नारा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संभाग स्तरीय योग शिविर का आयोजन सुकमा जिला में किया जायेगा। राजेश नारा ने बताया कि बस्तर संभाग के सभी जिले से छात्र-छात्राएं, शिक्षक के साथ ही आम



नागरिक भी इस शिविर में भाग लेंगे। साथ ही विद्यालयों में योग शिक्षा दी जाएगी। रविवार को स्व.हड़मा कवासी स्टेडियम सुकमा में छात्र-छात्राएं, अधीक्षक आदि को सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग राजेश नारा की उपस्थिति में जिला योग प्रशिक्षक गुलराज शर्मा द्वारा योगाभ्यास आसन प्राणायाम ध्यान कराया गया तथा आगामी शिविर के सफल संचालन हेतु चर्चा परिचर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# अपराधों को रोकने में मददगार साबित होगा सिटी सर्विलांस सिस्टम

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बलोदाबाजार शहर सिटी सर्विलांस सिस्टम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश में तैयार किया गया है। यह संपूर्ण आधुनिक सिस्टम पुलिस कंट्रोल रूम में स्थापित किया गया है। सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं प्रवेश मार्गों में उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है। जिससे



शहर के अंदर प्रवेश करने एवं बाहर जाने वाले सभी लोगों,वाहनों आदि पर सतत सूक्ष्म निगाह रखी जा सकती है। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को भी इसी सिस्टम के माध्यम से संपादित किया जा सकता है। सर्विलांस सिस्टम स्थापित होने से शहर के प्रमुख मार्ग अथवा चौक चौराहा में किसी भी प्रकार की चोरी, लूट, हत्या जैसे गंभीर अपराधों की सूचना तुरंत पुलिस को मिल जाएगी एवं इस सिस्टम के जरिए अपराधियों की भी पहचान करने में बहुत आसानी होगी। साथ ही किसी धरना जुलूस आदि की भीड़ में शामिल होकर किसी भी प्रकार के उपद्रव अथवा अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

# शासकीय महाविद्यालय दंतेवाड़ा में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र का उद्घाटन

## मानसिक रूप से पीड़ित और तनावग्रस्त छात्रों को मिलेगा उचित मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-दंतेवाड़ा।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी के कारण लोग प्राय: तनाव को लेकर खुलकर बात नहीं करते हैं। इसका प्रभाव छात्रों और युवाओं पर भी देखने को मिलता है। तनाव से ग्रसित हो चुके ऐसे लोगों को काउंसलिंग के माध्यम से राहत देने का काम अब, शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा का मनोविज्ञान विभाग करेगा। इसके जरिए विद्यार्थियों के मन में होने वाले घबराहट, चिंता, आशंका, निराशा, तनाव, असुरक्षा, चिड़चिड़ापन, निद्रा संबंधी परेशानी, और उचित निर्णय नहीं ले पाने जैसे पहलुओं पर मनोवैज्ञानिक सलाह देने के लिए महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र की स्थापना की गयी है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार राव ने मानसिक परामर्श केंद्र की ऊपयोगिता बताते हुए कहा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में विभिन्न



कारणों के चलते तनाव उत्पन्न होते हैं। विद्यार्थियों के मन में भी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आती रहती है। यदि समय पर इस समस्या की पहचान कर उन्हे परामर्श दिया जाए तो गंभीर मानसिक अवसाद से बचाया जा सकता है। ऐसे में मानसिक रूप से पीड़ित और तनावग्रस्त छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने में यह परामर्श केंद्र उपयोगी साबित होगा। परामर्श केंद्र अवकाश के दिनों में छोड़कर प्रतिदिन शाम 4 बजे से 5 बजे तक संचालित होगा। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया मानसिक परामर्श केन्द्र में, कालेज के अध्ययनरत छात्रों के लिए मनोविज्ञान विभाग कक्ष क्र.13 में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र शुरू किया गया है। जिसमें राज्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेंदरी से जुड़े पूर्व मनोवैज्ञानिक सलाहकार एवं विभाग के प्रमुख शिक्षकों द्वारा उचित परामर्श प्रदान की जाएगी। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक ने बताया हम अपनी दैनिक दिनचर्या सही रखे तो अनावश्यक रूप से तनाव से बच सकते हैं जीवन में तनाव आवश्यक है यदि इसकी मात्रा आदर्श स्तर की है तो यह कार्य क्षमता को बढ़ाता है लेकिन यदि इसकी मात्रा कम या अधिक होती है तो यह कार्य क्षमता को प्रभावित कर देती है। लेकिन अब समय बदल रहा है। युवा वर्ग अपनी मानसिक तनाव को लेकर अधिक सजग हैं। वे तनाव के विषय को लेकर आगे आ रहे हैं। और इसे कैसे दूर किया जाए इसका भी समर्थन कर रहे हैं। महाविद्यालय में परामर्श केंद्र खुलने से निश्चित रूप से उन्हे लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान निमहान्स से प्रशिक्षण ले चुके मनोविज्ञान विभाग के सहायक शिक्षक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने बताया वर्तमान समय में लोगो की बदलती जीवन शैली तनाव को जन्म दे रही है। लेकिन प्रत्येक समस्या का समाधान होता है। इसके लिए हमें धैर्यपूर्वक परिस्थिति का सामना करना चाहिए।

यदि हमारे पास हल नहीं है तो परामर्शदाता की सहायता लेनी चाहिए। इसमें किसी तरह की झिझकने वाली बात नहीं है। महाविद्यालय में इस परामर्श केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति शांतिपूर्ण जीवन के लिए अपने आपको तैयार करे।

# संभागायुक्त ने गिरदावरी कार्य में त्रुटि पाए जाने पर पटवारी को थमाया कारण बताओ नोटिस

गिरदावरी कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कड़ी कार्यवाही- कावरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

संभागयुक्त महादेव कावरे ने संभाग के समस्त राजस्व अमलो को गिरदावरी के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए पूरी गंभीरता से करने के लगातार निर्देश दिए।

वहीं दूसरी ओर वे स्वयं गांव की गलियों और खेतों के मेढ़ पर चलते हुए किसानों के खेतों तक पहुंचकर स्वयं गिरदावरी के कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिसके तहत उन्होंने आज संभाग के तीन जिले दुर्ग, बेमेतरा एवं खैरागढ़ छुईखदान गंडई के ग्रामों में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। कावरे द्वारा दुर्ग जिले के धमधा तहसील अन्तर्गत धमधा में पटवारी हल्का नंबर 09 में खसरा नं 1120 में पाया की कृषक के खेत में निर्मित मकान एवं सड़क



का रकबा, फसल के रकबे में कम नहीं किया गया है। जिस पर कावरे ने संबंधित पटवारी हेमंत महंत को कारण बताओं नोटिस जारी किया। इसी प्रकार तहसील धमधा के ही ग्राम राजपुर में खसरा नं 139 के प्रतिवेदन में धान, तुवर, सोयाबीन एवं टमाटर की फ सल दर्शाई गई हैए कावरे द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित खसरे में सोयाबीन की फ सल नहीं पाई गई। जिस पर कावरे ने पटवारी ओंकार देशमुख को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं तहसीलदार देशलहरा को फ टकार लगाते हुए गिरदावरी सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। बेमेतरा जिले के साजा अनुविभाग के गातापार ग्राम में निरीक्षण के दौरान कावरे ने किसानों के साथ उनके खेत पहुंच कर गिरदावरी कार्य का अवलोकन किया एवं पटवारी विष्णु वर्मा द्वारा तैयार किए गए प्रतिवेदन का अवलोकन किया। इसी प्रकार खैरागढ. छुईखदान. गंडई जिला अंतर्गत गंडई अनुविभाग के उदान ग्राम में खसरा नं 200/1 के निरीक्षण के दौरान कृषक गौतम के खेत में लगे टमाटर के फ सल का निरीक्षण किया एवं गिरदावरी कार्य का अवलोकन किया साथ ही उपस्थित किसानों को धान के बदले अन्य फसल के संबंध में भी सुझाव दिए। जिस दौरान तहसीलदार गंडई टी के वर्मा भी उपस्थित थे।

### गिरदावरी सर्वेक्षण की ऑनलाइन एंट्री भी हो शत प्रतिशत

संभागायुक्त कावरे ने किसानों के रकबे का खसरा और नक्शा का मिलान करते हुए पूरी पारदर्शिता और त्रुटिरहित करने के निर्देश तहसीलदार, पटवारी, आरआई सहित समस्त राजस्व अमले को गिरदावरी के कार्यों को गंभीरता से करते हुए गिरदावरी रिपोर्ट में खेत के मेढ़ में वृक्ष, धान के अलावा लगाए गए अन्य फ सल का स्पष्ट उल्लेख करते हुए खसरा क्रमांक और वास्तविक रकबे में लगाए गए फ सल का सही जानकारी दर्ज पर ऑनलाइन प्रविष्टि को भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मेरा पियानो मेरी गीत लेखन का एक अभिन्न अंग है : एंड्रिया जेरेमिया



**अभिनेत्री, गायिका और गीतकार एंड्रिया जेरेमिया का कहना है कि उनका पियानो उनके गीत लेखन का एक अभिन्न अंग है। इंस्टाग्राम पर, अभिनेत्री ने हाल ही में अपने पियानो का विवरण साझा किया, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उनके लिविंग रूम में गौरव का स्थान रखता है।**

अभिनेत्री ने लिखा, मेरे दादाजी रेलवे में काम करते थे, और मेरे पिता पेशेवर डिग्री प्राप्त करने वाले अपने परिवार में पहले व्यक्ति थे, वे एक वकील हैं। इसलिए हम बाइक और किराए के अपार्टमेंट से धीरे धीरे कार और अपने खुद के अपार्टमेंट के मालिक बने। विकास धीमा, स्थिर और वास्तविक था। मेरे माता-पिता ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे पास वह सब कुछ है जो हम चाहते थे, लेकिन एक पियानो का मालिक होना एक विलासिता थी जो मेरे पास वाद्य यंत्र का अध्ययन करने के सभी वर्षों में नहीं था। मेरे पिता ने मुझे 18 साल की उम्र में ही एक पियानो खरीदा कर दिया और विडंबना यह है कि जब मैंने एक्टिंग करनी शुरु की तो पियानो पीछे छूट गया। हालांकि मेरे पास अभी भी मेरा पियानो है। यह मेरे लिविंग रूम में रखा है और खास जगह है इसकी और यह मेरे गीत लेखन का एक अभिन्न अंग है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री का और निर्देशक मैस्किन की हॉरर थ्रिलर पिसासु 2 सहित कई फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।

# सिल्वर बैकलेस ड्रेस पहन एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने कराया हॉट फोटोशूट



**बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपने हॉट लुक्स और ग्लैमरस अंदाज का तड़ता इंटरनेट पर लगाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती है तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। साक्षी भी फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं।**

हाल ही में एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक फैंस के बीच अपने ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड लुक्स को लेकर काफी फेमस हैं। हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने सिलवर कलर की बैकलेस रिवलिंग ड्रेस पहनी हुई है जिसमें उनका लुक बेहद ही शानदार नजर आ रहा है। साक्षी मलिक की इन तस्वीरों पर फैंस भी अपना ढेर सारा प्यार लाइक्स के जरिए लूटा रहे हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस साक्षी मलिक बेहद ही किलर अंदाज में सेक्सी पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं।

एक्ट्रेस साक्षी मलिक अक्सर अपनी तस्वीरें बिकिनी लुक्स में भी शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को अब तक 3 लाख से भी ज्यादा लोगों ने लाइक कर दिया है और साथ ही कुछ यूजर्स कॉमेंट्स करते हुए रिएक्शंस भी दे रहे हैं। एक यूजर ने साक्षी मलिक की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सुपर हॉट तो वहीं दूसरे यूजर ने कॉमेंट कर के लिखा है- गॉर्जियस। साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 6.9 मलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

# साउथ अभिनेता प्रभास को डेट कर रही हैं कृति सैनन ?



दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता प्रभास और कृति सैनन जल्द आदिपुरुष में नजर आएंगे। ओम राउत इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म अगले साल 12 जनवरी को दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म की शूटिंग समाप्त हो चुकी है। फिल्म में पहली बार प्रभास के साथ कृति स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। अब सुनने में आ रहा है कि प्रभास और कृति के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आदिपुरुष के लिए साथ काम करने के दौरान प्रभास और कृति में नजदीकियां बढ़ीं। कहा जाता है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। सोशल मीडिया पर भी फैंस दोनों के रिश्तों के बारे में कई तरह की बातें कर रहे हैं मानें तो दोनों का रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत होता जा रहा है। खबरों की मानें तो दोनों अपने रिलेशनशिप को लेकर जल्दबाजी में नहीं हैं। एक सूत्र ने बताया, महीनों पहले फिल्म खत्म करने के बावजूद उनका रिश्ता अब भी बरकरार है। वे एक-दूसरे को कॉल या मैसेज करने से कभी नहीं चूकते हैं और यह साबित करता है कि उनके पास एक-दूसरे के लिए आदर की भावना है। लेकिन इसे एक रिश्ता कहना बहुत जल्दबाजी होगा।

# शर्मिला मंड्रे के साथ विनय राय-स्टारर मर्डर लाइव का फर्स्ट लुक आउट



निर्देशक मुरुगेश की आगामी क्राइम थ्रिलर मर्डर लाइव के निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी कर दिया है, जिसमें अभिनेता विनय राय मुख्य भूमिका में हैं। कन्नड़ अभिनेत्री शर्मिला मंड्रे ने भी फिल्म में भूमिका निभाई है, जिसमें हॉलीवुड अभिनेत्री नाओमी विलो भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। फिल्म के बारे में निर्देशक मुरुगेश ने कहा, मर्डर लाइव अंग्रेजी फिल्म डॉट कॉम फॉर मर्डर से प्रेरित है, जिसका निर्देशन निको मस्तोराकिस ने किया है। फिल्म की कहानी एक साइको किलर और चार महिलाओं के बीच की घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। अपराध थ्रिलर की शैली में तैयार की गई फिल्म है जिसमें, पटकथा बिल्कुल नई और स्टाइलिश है। पूरी तरह से इंग्लैंड में शूट की गई इस फिल्म को आधुनिक तकनीक का उपयोग कर शूट किया गया है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म का हीरो कंप्यूटर या इंटरनेट के जरिए दुनिया के किसी भी हिस्से में घुसपैठ कर सकता है और चौंकाने वाली घटनाओं को अंजाम दे सकता है। निर्देशक ने आगे कहा, शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म पर काम, जो अपने अंतिम चरण में है, जोरों पर चल रहा है। एक सिंगल ट्रैक और टीजर जल्द ही रिलीज होने की संभावना है। प्रशांत डी. हितेश मंजूनाथ ने इस फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है, जिसकी छायांकन मिसले ने किया है। संपादन का काम मदन संभाल रहे हैं, जबकि यूके स्थित कंपनी डी क्रिएटिव ने ग्राफिक्स का काम किया है।

## खेल

# दीप्ति के रन आउट विवाद पर क्रिकेट जगत बंटा

### ट्रेंड पर रहे अश्विन, लिखा- मुझे ट्रेंड क्यों कर रहे हैं; आज की रात का बॉलिंग हीरो कोई और है

लंदन। टीम इंडिया की स्पिनर दीप्ति शर्मा के रन आउट पर विवाद हो गया है। उन्हें क्रिकेट जगत के कई दिग्गज क्रिटिसाइज कर रहे हैं। क्योंकि, दीप्ति ने इंग्लिश बल्लेबाज चार्ली डीन को मांकडिंग रन आउट कर दिया था। वो भी तब जब डीन टीम इंडिया की जीत में रोड़ा बन रही थीं।



इंग्लैंड को जीत के लिए 17 रनों की जरूरत थी और डीन एक छोर से रन बना रही थी। जबकि दूसरी छोर से विकेट गिर रहे थे। 43 ओवर के बाद टीम का स्कोर 152/9 था और मेजबानों को 18 रन और बनाने थे। तब डीन 46 रन पर नाबाद थी। 44वां ओवर दीप्ति शर्मा लेकर आईं और पहली बॉल पर डीन ने सिंगल ले लिया। अब डेविस स्ट्राइक और डीन नॉन स्ट्राइक पर थीं। एक बॉल डॉट करने के बाद दीप्ति ने बॉलिंग एंड पर रन आउट कर दिया।

क्योंकि, वे बॉल छूटने से पहले ही क्रीज से बाहर निकल आई थीं। चार्ली अपनी इमोशन कंट्रोल नहीं कर सकीं और रोने लगीं। उन्हें आंसुओं के साथ पवेलियन जाना पड़ा। इस रन आउट की वजह से इंग्लिश टीम हार गई। इसलिए वहां के कुछ पूर्व खिलाड़ी दीप्ति को क्रिटिसाइज करने लगे। तो कुछ बचाव में आ गए। इस बीच ट्विटर पर आर अश्विन ट्रेंड करने लगे। लोग उनके मीम्स और फोटो शेयर करने लगे। ऐसे में भारतीय स्पिनर अश्विन ने कहा- आप लोग अश्विन को ट्रेंड क्यों कर रहे हैं। आज रात की बॉलिंग हीरो कोई और है। उन्होंने यह मैसेज दीप्ति को टैग भी किया।

### अश्विन ने बटलर को आउट किया था

अश्विन-बटलर के बीच मांकडिंग का विवाद चर्चा में रहा था। हालांकि अब दोनों एक ही टीम के लिए आईपीएल में खेलते हैं। याद दिला दें कि IPL-2019 के दौरान अश्विन ने पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) की ओर से खेलते हुए राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर को आउट किया था। तब अश्विन की खूब खिंचाई हुई थी।

### मांकडिंग खत्म, अब रन आउट कहा जाएगा

एक अक्टूबर 2022 से इंटरनेशनल क्रिकेट में मांकडिंग आउट नहीं होगा। अब यह रनआउट माना जाएगा। ICC ने इसे अमान्य कर दिया है।

# किरण लिम्बू समेत पांच विदेशी बनेंगे पंजाब एफसी का हिस्सा



**मोहाली** । राउंड ग्लास पंजाब एफसी ने आई-लीग के आगामी सत्र में नेपाल के गोलकीपर किरण लिम्बू समेत पांच विदेशी खिलाड़ियों के साथ अनुबंध किया है। लिम्बु के अलावा स्लोवेनिया के फॉरवर्ड लुका माजसेन, स्पेन के मिड फील्डर जुआन मेरा, सर्बिया के डिफेंडर अलेक्सेंडर इग्नजाटोविक और बोस्निया और हर्जेगोविना के मिडफील्डर अदनान सेसेरोविक को आगामी हीरो-आई लीग सत्र के लिए साइन किया गया है।

नेपाल के अनुभवी गोलकीपर किरण चेमजोंग लिम्बु, भारतीय फुटबॉल में एक जाना-पहचाना चेहरा है। साल 2020-21 वाले हीरोआई-लीग सत्र में इसी इसी क्लब की ओर से खेलते हुए किरण ने शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके लिए उन्हें गोल्डन ग्लव्स अवार्ड से सम्मानित किया गया था। एक बार फिर से वह राउंड ग्लास पंजाब एफसी में वापसी कर रहे हैं।

## एक नजर

# काउंटी मैचों की संख्या कम करने के ईसीबी के प्रस्ताव से खुश नहीं हैं बेन स्टोक्स

**लंदन** । काउंटी टीम केंट और इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के काउंटी चैंपियनशिप मैचों को प्रति काउंटी चार किये जाने के प्रस्ताव से खुश नहीं हैं। ईसीबी ने पूर्व कप्तान एंडयू स्ट्रॉस के तहत प्रदर्शन समीक्षा पूरी कर ली है और 17 सिफारिशों के साथ अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसकी एक सिफारिश में कहा गया है कि काउंटी चैंपियनशिप तीन डिवीजन की प्रतियोगिता होनी चाहिए। छह टीमों की टॉप डिवीजन और दो अन्य डिवीजन जहां विजेता टीमें अगले साल एक प्रमोशन स्थान के लिए एक-दूसरे का आमना सामना करें। प्रस्तावित फॉर्मेट के तहत 18 काउंटी कम मैच खेलेंगी। हर टीम कम से कम चार टी20 ब्लास्ट मैच और चार चैंपियनशिप मैच खेलेगी। स्टोक्स चैंपियनशिप मैचों की संख्या घटाने से खुश नजर नहीं आते हैं। काउंटी टीम केंट भी ईसीबी के प्रस्ताव से खुश नहीं है। प्रस्ताव को मिडलसेक्स ने भी नकारा है।



# पोंटिंग के बाद पंत के पक्ष में आगे आये एडम गिलक्रिस्ट

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत दोनों को टी20 एकादश में रखे जाने की वकालत करने के बाद ऑस्ट्रेलिया के लीजेंड विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए। पिछले कुछ समय से इस बात पर चर्चा चल रही है कि कार्तिक और पंत में से किसे अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की प्लेइंग एकादश में होना चाहिए। कार्तिक इस फॉर्मेट में विशेषज्ञ फिनिशर होने का दावा करते हैं तो पंत का बाएं हाथ का बल्लेबाज होना नकारा नहीं जा सकता। हालांकि पंत का टी20 रिकॉर्ड बहुत प्रभावशाली नहीं है।




गिलक्रिस्ट के हवाले से आईसीसी ने कहा, जिस बहादुरी और साहस के साथ पंत विपक्षी गेंदबाजी का सामना करते हैं तो मुझे लगता है कि पंत को निश्चित रूप से एकादश में होना चाहिए। दोनों साथ साथ खेल सकते हैं लेकिन मेरा मानना है कि पंत को एकादश में अवश्य रहना चाहिए।

कार्तिक हाल में हुए एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में खेले थे लेकिन हांगकांग के खिलाफ अगले मैच में पंत को एकादश में लाया गया। सुपर फोर मैचों में पंत पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान के खिलाफ खेले लेकिन मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में कार्तिक को चुना गया।

# लॉर्ड्स में भारतीय महिला टीम का डंका

### इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार क्लीप स्वीप किया, फेयरवेल मैच में झूलन ने 2 विकेट लिए

टीम इंडिया ने लीजेंडरी प्लेयर झूलन गोस्वामी को कमाल का फेयरवेल गिफ्ट दिया है। उसने इंग्लैंड में पहली बार क्लीन स्वीप किया है। उसे 3 मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 की जीत मिली है। भारतीय टीम ने आखिरी मुकाबला 16 रनों से अपने नाम किया है।




लॉर्ड्स में शनिवार को भारतीय टीम ने पहले तो 169 रनों का स्कोर बनाया। उसके बाद इंग्लिश बल्लेबाजों को 43.3 ओवर में 153 रन पर आउट कर दिया। उसकी ओर से ओपनर स्मृति मंधाना ने 50 रन बनाए। जबकि दीप्ति शर्मा ने नाबाद 68 रनों की पारी खेली। पूजा वस्त्राकर ने 22 रन जोड़े। इंग्लैंड की गेंदबाज केट क्रॉस को चार सफलताएं मिली।

जवाबी पारी में मेजाबान टीम से 8वें नंबर की बल्लेबाज डेन चार्ली ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। उन्हें दीप्ति शर्मा ने अश्विन की तर्ज पर मांकडिंग आउट किया।

### रेणुका और कौर का कमाल प्रदर्शन

इस ऐतिहासिक जीत में रेणुका सिंह ने अहम योगदान दिया। उन्होंने 4 विकेट चटकाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। जबकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं। उन्होंने 3 मुकाबलों में 221 रन बनाए। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

# 9 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराने का मौका

### भारत की सरजमीं पर आखिरी बार 2013 में टी-20 सीरीज जीती थी इंडिया, जानिए दोनों टीमों की प्लेइंग

**हैदराबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला आज हैदराबाद में खेला जाएगा। फिलहाल दोनों टीमें सीरीज में 1-1 की बराबरी पर है। वैसे तो टीम इंडिया को भारतीय सरजमीं पर हराना बहुत मुश्किल है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया भारत को हर सीरीज में कड़ी टक्कर देता है।




टीम इंडिया 2013 के बाद अपनी धरती पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई भी टी-20 सीरीज नहीं जीत पाई है। आखिरी बार 9 साल पहले 2013 में 1-0 से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। उसके बाद 2017 में हुई टी-20 सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। वहीं, 2019 में आखिरी टी-20 सीरीज खेली गई थी, जिसे ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 2-0 से जीता था। इस सीरीज की बात करें तो मोहाली में खेला गया पहला टी-20 ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया था। जबकि नागपुर टी-20 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में दमदार वापसी की। आइए आपको तीसरे मैच की पिच, पॉसिबल प्लेइंग इलेवन और हेड टु हेड बताते हैं...

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का भाजपाइयों ने किया फरसगांव में भव्य स्वागत



**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवम नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के शनिवार को फरसगांव नगर में प्रथम आगमन हुआ भाजपा मंडल फरसगांव व बड़ेडोंगर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगर के रेस्ट हाउस के समक्ष आतिशबाजी के साथ गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया और उन्हें बधाई दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बताया प्रदेश के सभी जिलों में प्रवास किया जा रहा है 21 तारीख से लगातार हम लोग बस्तर प्रवास कर रहे हैं। बस्तर के सभी जिलों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जो उत्साह दिख रहा है, और जनता में राज्य की कांग्रेस सरकार को लेकर असंतोष के साथ साथ नाराजगी और आक्रोश है और निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं में जोश है और जनता की यही नारजगी आगामी वर्ष 2023 में बस्तर में कमल खिलायेगा, इस दौरान भाजपा मंडल फरसगांव और बड़ेडोंगर मंडल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रामधुन को मिली मंडल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

मित्रों और समर्थकों में खुशी की लहर।



**मनेंद्रगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन में विस्तार करते हुए रामधुन जायसवाल को मंडल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसके बाद उनके मित्रों और समर्थकों में खुशी की लहर है। आपको बता दें की आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में कसावट लानी शुरू कर दी है। कुछ दिन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का कोरिया आगमन हुआ था तब भी इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी की अब कुछ नए चेहरों को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। उसी का परिणाम है कि काफी लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी संगठन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रामधुन जायसवाल को मंडल उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा की अनुशंसा और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल केसरवानी, मंडल महामंत्री द्वय संजय गुप्ता रामचरित द्विवेदी की उपस्थिति में रामधुन जायसवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति के बाद रामधुन जायसवाल ने कहा की जिस विश्वास के साथ संगठन में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है उसका वे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और सदैव पार्टी की रीति नीति के हिसाब से ही काम करते रहेंगे।

## बड़ेडोंगर माँ दंतेश्वरी मंदिर में जलेगी आस्था की जोत





**फरसगांव।** देव नगरी बड़ेडोंगर में माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारिया की जा रही है अलग अलग कार्यों के लिए मां दन्तेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति, मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी, नेंगकारी , समस्त मंदिर पुजारी , ग्राम के पटेल, कोटवार, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी ग्राम के सभी सियानों को जिम्मेदारिया दी गई है शारदीय नवरात्रि पर्व 26 सितम्बर से प्रारम्भ होने जा रहा है सर्व प्रथम मन्दिर में मुख्य ज्योति प्रज्जवलित की जावेगी, देखा जा रहा है की प्रति वर्ष ज्योति कलश जलाने वाले भक्तो की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, साथ ही नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में भिन्न भिन्न रामायण मण्डलियो के द्वारा रामयण पाठ भी किया जायेगा ।

## कलेक्टर ने किया विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया। रविवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा हाल में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने संभागीय सी-मार्ट के संचालन हेतु की जा रही तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा विभिन्न समाजों को दी जाने भूमि-भवनों की प्रगति का भी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कलेक्टर कॉनफ्रेंस के एजेंडा और मुख्यमंत्री की घोषणाओं में विभागों को त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।साथ ही बस्तर दशहरा की आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री रोहित व्यास, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के केंद्रीय प्रभारी सचिव ने जिले के विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

जलजीवन मिशन के तहत कौशल विकास एवं ग्रामीणों के प्रशिक्षण हेतु दिए निर्देश



**कोण्डागांव।** शनिवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं आकांक्षी जिले कार्यक्रम में कोण्डागांव के प्रभारी केंद्रीय सचिव श्री विकास शील ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा हेतु जिले के सभी जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने मलेरिया मुक्त बस्तर, अनीमिया मुक्त कोण्डागांव, संस्थागत प्रसव, सूक्ष्म सिंचाई, विद्युत व्यवस्था, मृदा स्वास्थ्य, सिंचाई व्यवस्था, अंदरूनी क्षेत्रों में रोड निर्माण, जलजीवन मिशन, पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, कौशल विकास आदि पर विस्तृत चर्चा की।

इसमें उन्होंने जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में फोर्टिफाइड चावल वितरण के 03 वर्ष पूरे होने पर उसके प्रयोग एवं उनका जिले के लोगों के पोषण स्तर पर पड़े प्रभावों का सर्वे कराकर उसे प्रचारित करने के साथ फोर्टिफाइड चावल के प्रयोग के दौरान लोगो के मध्य फैली भ्रांतियों एवं उसके सही तरीके से प्रयोग को प्रोत्साहित करने को कहा। इसके लिए गैर सरकारी संस्थाओं की सहायता ली जा सकती है।

## हाईवा के टक्कर मारने से बाइक सवार गंभीर

**कोरबा ।** चकवाभौना मेन रोड जंगल किनारे कर्रानाला के पास बाइक चालक को लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर भाग निकले हाईवा चालक के विरूद्ध पाली पुलिस ने दुर्घटनाकारित अपराध पंजीबद्ध कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुलदीप खैरवार उम्र 23 पिता समेलाल खैरवार निवासी ग्राम बनबांधा पुलिस चौकी चैतमा थाना पाली अपने साथी गंगाधर उम्र 24 निवासी बनबांधा को अपनी बाइक में पीछे बैठाकर चैतमा से कटघोरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान कर्रानाला के पास हाईवा क्रमांक एमपी.04/बीए.3603 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे कि बाइक चालक कुलदीप और उसका दोस्त गंगाधर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं घायल बाइक चालक कुलदीप खैरवार की रिपोर्ट पर पाली थाने की चैतमा चौकी पुलिस ने अपराध क्रमांक 284/22 धारा 279/ 337 भादवि के तहत हाईवा चालक के विरूद्ध दुर्घटनाकारित अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## स्वयं-भू लिंगेश्वर मे जलेगी आस्था की ज्योत...

क्वांर नवरात्रि की रहेगी धूम

**राजनांदगांव।** शहर के नजदीक मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला सहित गठुला-भेड़ीकला ग्राम के नजदीक भाठागांव में धरती फोड़ उत्पन्न हुए स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर मंदिर में ज्योति-जंवारा कलश स्थापना सहित क्वांर नवरात्रि का पर्व धूम-धाम से मनाया जाएगा। 26 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्रि पर्व में यहां मेले जैसे वातावरण बना रहेगा। मंदिर के पूजारी विरेन्द्र महराज ने बताया कि मंदिर में आदि शक्ति जगज्जनी मां दुर्गा-जगदम्बे की कास्य प्रतिमा विद्यमान है यहां स्वयं-भूलिंगेश्वर भगवान शिव के साथ आदि शक्ति भी निवास करती है। जिसका पहरा साक्षात नाग देवता द्वारा किया जाता है। सावन मास में भगवान स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने महिने भर तक दर्शनार्थियों व शिव भक्तों का तांता रहा। बोलबम के कावरिये यहा स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर में जलार्पण करते रहे। रामायण भजन-कीर्तन की यहां धूम रही।

भक्तजन शिव दर्शन कर कृतार्थ होते रहे। कोरोना संकट के लगभग खत्म होने के बाद स्वयं भू शिव लिंगेश्वर मंदिर में मनोकामना ज्योति का प्रज्जवलन किया जा रहा है। वही मां आदि शक्ति व शिव पर आस्था रखने वाले भक्त जनों द्वारा ज्योति-जंवारा कलश की भी स्थापना की जा रही है। मदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि क्वांर नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक माता रानी का दरबार सजा रहेगा। नौ-दिनों तक मंदिर में श्रद्धा-भक्ति की बयार बहेगी। आस्था का सैलाब जन-जन में उमड़ पड़ेगा। जस गीत, जसगान व जगराता कार्यक्रमों की धूम रहेगी जिससे समूचा आसपास का क्षेत्र माता रानी की भक्ति से सराबोर रहेगा।

## प्रभारी केंद्रीय सचिव ने दूधगांव में जलजीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण

जलजीवन अंतर्गत जलप्रदाय को लेकर ग्रामीणों से की चर्चा



**कोण्डागांव।** शनिवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कोण्डागांव के प्रभारी केंद्रीय सचिव श्री विकास शील द्वारा कोण्डागांव विकासखंड के दूधगांव पहुंच। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में निर्मित परियोजना के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से पानी की उपलब्धता एवं उसकी गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा पानी प्रदाय के समय को लेकर केंद्रीय सचिव के समक्ष सुधार हेतु अपील की गई जिस पर केंद्रीय सचिव द्वारा पानी प्रदाय का समय प्रातः 6रू00 बजे कर स्थानीय युवा को इस कार्य हेतु नियुक्त करते हुए पानी की गुणवत्ता जांच हेतु बनाए गए लैब के कर्मचारियों से भी बात की। केंद्रीय सचिव द्वारा पानी में अशुद्धि पाए जाने पर उसके निराकरण हेतु एक व्यवस्थित कार्य प्रणाली विकसित करने तथा ऐसे जल की ग्राम स्तर पर की गई जांच के उपरांत शिकायत पर 24 घंटे के अंदर जिला स्तरीय दल द्वारा इसकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को गांव में जल जीवन मिशन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वित्तीय प्रबंधन एवं रखरखाव की व्यवस्था हेतु स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार देने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, अधिकक्षण अभियंता बारापात्रे, कार्यपालन अभियंता एच एस मरकाम, सीएमएचओ डॉ टी आर कुँवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फरसगांव पुलिस ने अपहृता के आरोपी व सहआरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी को पश्चिम बंगाल के रेल्वे स्टेशन से किया गिरफ्तार



स्कूल जाने निकली 13 वर्षीय नाबालिक बालिका का हुआ था अपहरण

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 वर्षीय एक नाबालिक बालिका के अपहरण का मामला सामने आया था, जिसमे फरसगांव पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए नाबालिक अपहृता और आरोपी को पश्चिम बंगाल के रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया । 19 सितंबर को एक 13 वर्षीय नाबालिक बालिका के घर से स्कूल जाने के दौरान उसका अपहरण होने की परिजनो ने फरसगांव थाने ने अपराध दर्ज करवाई थी, जिस पर फरसगांव पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्य आधारो के जाँच पश्चात कार्यवाही करते हुये नाबालिक बालिका और आरोपी को खड़गपुर पश्चिम बंगाल रेल्वे स्टेशन पर जीआरपी थाने से फरसगांव लाया गया, पीडिता के बयान अनुसार आरोपी ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती भगा ले गया, पीड़िता के बयान पर फरसगांव पुलिस ने आरोपी मोहम्मद मनसूर पिता रसूल उम्र 21 वर्ष निवासी परपा नाका गीदम रोड जगदलपुर और भगाने में सहयोग करने वाले सह आरोपी नारायण ध्रुव पिता मुन्नालाल ध्रुव उम्र 19 वर्ष कालीपुर आवास पारा जगदलपुर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये न्यायालय पेश किया गया जिसमे दोनों आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, इस संपूर्ण कार्यवाही में फरसगांव थाना प्रभारी भापेंद्र साहू, उप निरीक्षण प्रमोद कतलम सहित पुलिस स्टाप के जवानों की अहम भूमिका रही ।

## एक नजर

### नशे का सेवन कर तेज गति से वाहन चला रहे चालक पर फरसगांव पुलिस ने की कार्यवाही





**फरसगांव ।** कोंडागांव जिले में फरसगांव पुलिस के द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने और नशे का सेवन कर वाहन चलाने वालो पर लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम में आज नेशनल हाइवे 30 जगदलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक को रोका गया जाँच के दौरान वाहन चालक के द्वारा नशे का सेवन किया जाना पाया गया, फरसगांव पुलिस के द्वारा नशे का सेवन पर तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रक चला रहे ट्रक के चालक के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई । ट्रक क्रमांक डन्न17 एसएस 1028 लोहा गिट्टी भरकर जगदपुर से रायपुर जाने के दौरान ड्राईवर के चालक जितेंद्र कुमार के द्वारा नशे का सेवन कर वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाने पर एम वी एक्ट धारा 184, 185 के तहत कार्यवाही की गई की गई है ।

### बड़ेडोंगर में मनरेगा मेट साथियों की ब्लाक स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न

**फरसगांव ।** फरसगांव ब्लाक के ग्राम बड़ेडोंगर के मां दंतेश्वरी



मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को ब्लाक स्तरीय मेटों का बैठक की गई । बैठक में ब्लाक स्तर के सभी मेट साथियों का संगठन व संघ बनाने हेतु विशेष चर्चा किया गया , तथा आगामी बैठक 28 सितम्बर 11 बजे ग्राम बड़ेडोंगर के सामुदायिक भवन में रखा गया है, जिसमें ब्लाक स्तर पर पदाधिकारियों का चुनाव किया जावेगा । इस बैठक में फरसगांव ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों के मेटों को अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने हेतु कहा गया है इस बैठक में विशेष रूप से घनश्याम समरथ, टकेश्वर राना, दिगम्बर कोर्राम, अरूण पात्र,हेमलता यादव, संगीता कोलियारा,दुर्गेश्वर निर्मलकर,खोगेश्वर प्रधान,केशर पुजारी,खुश्बु तिवारी,जयंती नेताम,कुमारी वट्टी, सुकदेव कोर्राम,कचरू यादव, शिवराम यादव,संजय पटेल,शिवलाल प्रधान,लक्ष्मीनाथ नाग,सरूलाल मंडावी, राकेश नेताम,पूर्णा सलाम,नरशिला सोरी,घड़वे नेताम, ललिता ठाकुर,बुयकी मरकाम,सुगन्ती मरकाम,लिमबत्ती, सावित्री मरकाम सोमारी,सोमारी , सुमित्रा कोर्राम,रमा नेताम,मंगाय कावड़े, उपस्थित थे।

### राज्यपाल उईके एकल अभियान परिचय एवं सम्मान समारोह में हुई शामिल

**कोण्डागांव ।** राज्य की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके कोण्डागांव ऑडिटोरियम में आयोजित एकल अभियान परिचय एवं सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उईके ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों के विकास हेतु विभिन्न नियम बनाए गए हैं। जिसके द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग को सुरक्षा प्रदान की जाती है। ऐसी अनुसूचित क्षेत्रों में पांचवी अनुसूची के अनुसार ग्राम सभा को विशेष शक्तियां प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया गया है ताकि वे अपना विकास सांस्कृतिक मूल्यों एवं परंपराओं के साथ कर सके। उन्होंने कहा कि कुछ अनुसूचित क्षेत्रों के युवा लोगों के बहकावे में आकर भटक जाते थे परंतु एकल अभियान से जुड़े लोगों के द्वारा बिना साधन सुविधाओं के गांव-गांव में शिक्षा के साथ संस्कृति, परंपराओं एवं राष्ट्रीयता की जो प्रेरणा लोगो को प्रदान की जा रही है वो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आदिवासी भूमियों पर विकास कार्यों हेतु भूमि अधिग्रहण के समय शासन को भूमि स्वामियों को शेयर भी प्रदान किया जाना चाहिए ताकि उन्हें भूमि के प्रति अपनत्व बना रहे एवं उससे लाभ भी मिलता रहे।




### महिला प्रकोष्ठ ने वृद्धाश्रम में बांटे सामग्री

**कोरबा ।** पितरों की सेवा को समर्पित पितृपक्ष के अवसर पर आज राष्ट्रीय ब्राह्मण संघ महिला प्रकोष्ठ कोरबा इकाई के द्वारा स्थानीय सर्वमंगला मंदिर स्थित वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को दैनिक जीवन उपयोगी आवश्यक सामग्रियों का विवरण कर उनका हाल चाल पूछते हुए उनका सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम समाज की बहनों द्वारा आश्रम के केयर टेकर वीरू यादव के सानिध्य में समस्त वृद्धजनों को आश्रम के सेंट्रल हॉल में बैठाया गया तत्पश्चात उनका विधिवत सम्मान कर उन्हें दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं गमछा, तेल, साबुन, क्रीम तथा खाने पीने की चीज़ें प्रदान की गईं । इसके पश्चात समाज की बहनों द्वारा उपस्थित वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं कुशल क्षेम पूछा गया।देर तक चले इस कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय स्तर के पदाधिकारीगण संरक्षिका श्रीमती कामायनी दुबे, सचिव श्रीमती राखी सविता पांडे, सहित कोरबा जिला इकाई की निवृत्तमान अध्यक्ष श्रीमती ऊषा पांडे, वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी तिवारी, सचिव श्रीमती संध्या द्विवेदी, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना दांडेकर एवं श्रीमती चंद्रबाला शुक्ला, श्रीमती शुभ्रजा बाजपेई आदि उपस्थित रहीं ।

### छात्रों के साथ मारपीट, विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ।** शासकीय किरोड़ीमल महाविद्यालय रायगढ़ में विद्यार्थियों के साथ मारपीट की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को कलेक्टर कोरबा के माध्यम से ज्ञापन दिया गया जिसमें कोरबा के जिला संयोजक सनी यादव ने बताया की शासकीय किरोड़ीमल महाविद्यालय रायगढ़ में चल रही प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी के विषय को लेकर 10 सितंबर 2022 से अभाविप आंदोलनरत था। उक्त आंदोलन में राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा अनावश्यक दबाव बनाकर उक्त आंदोलन को दबाने का लगातार प्रयास किया गया लेकिन जब अभाविप के कार्यकर्ता विद्यार्थी हित की इस लड़ाई को लडने् से पीछे नही हटे तब सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं के दबाव में आकर प्राचार्य द्वारा अभाविप के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध झूठी शिकायत दर्ज कराई गई इसी कड़ी में दिनांक 20 सितंबर 2022 को महाविद्यालय परिसर में एनएसयूआई के छात्र नेताओं द्वारा परिषद के नगर मंत्री एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई।

# विटामिन और प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार की दी गई सीख

जोहार छत्तीसगढ़- रायपुर।

प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वीर शिवाजी वार्ड की आंगनबाड़ियों द्वारा साहू भवन में एक एकीकृत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को विटामिन और प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार के विषय में जागरूक किया गया।

साथ ही सुपोषित छत्तीसगढ़ का संदेश भी दिया गया। एकीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत हुयी गोद भराई कार्यक्रम की लाभार्थी बिमला साहू कहती हैं। गोद भराई के दौरान मुझे यहां जानकारी मिली कि स्वस्थ बच्चे के लिए नियमित रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है साथ ही प्रसव पूर्व समस्त जांच भी जरूरी है जो शासकीय अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध होती है। गर्भकाल के समय किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मितानिन दीदी या आंगनबाड़ी दीदी से संपर्क किया जा सकता है।

अन्नप्राशन के लिए पहुंची सुनैना साहू ने बताया कार्यक्रम के दौरान जानकारी मिली कि किस प्रकार से बच्चे की देखरेख करनी है। साथ ही 6 माह पूर्ण होने पर किस प्रकार के आहार को बच्चे



को खिलाना है। आंगनबाड़ी दीदी ने समझाया 6 माह बाद भी नियमित रुप से बच्चे को स्तनपान कराते रहना है। वहीं इस मौके पर किशोरियों ने हाथों में मेहंदी लगाकर श्सही पोषण देश रोशन का संदेश दिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सही पोषण की सीख भी मिली। संजू साहू कहती है मैंने जाना कि किशोरावस्था में किस प्रकार का भोजन करने से शरीर स्वस्थ रहता है। किशोरावस्था में शरीर में अनेक परिवर्तन होते हैं शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत होती है जिसके लिए पौष्टिक और विटामिन युक्त भोजन करने से इन कमियों को पूरा किया जा सकता है। एकीकृत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्टेशन रोड सेक्टर की पर्यवेक्षक, पंखुड़ी मिश्रा ने बताया श्वीर शिवाजी वार्ड की आंगनबाड़ी केंद्रों को एकीकृत कर साहू भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में 5 बच्चों का अन्नप्राशन, 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, किशोरियों ने पोषण आहार जागरूकता संबंधी रंगोली का निर्माण किया। वहीं बीस किशोरियों ने मेहंदी लगाकर सही पोषण देश रोशन का संदेश भी दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत 3 से 6 वर्ष के बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर पोषण आहार का भी प्रदर्शन किया गया ताकि लोगों को यह संदेश जाए कि पोषण आहार किन किन चीजों से मिलता है। अनाज की रंगोली के माध्यम से पोषाहार का संदेश भी दिया गया। उन्होंने आगे बताया बच्चों को स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भोजन के बारे में भी जानकारी दी गई। रेडी टू ईट से निर्मित व्यंजनों में मुख्य रूप से इडली, बड़ा, बफ र्ी, पिज्जा, जलेबी, पूड़ी, भजिया, लड्डू, खूरमी आदि व्यंजनों के साथ फ ल में केला, अनार, सीताफल, सेब और पौष्टिक सब्जी के अंतर्गत भिंडी, टमाटर, आलू, सोयाबड़ी, दाल के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पौष्टिक आहार का प्रदर्शन किया गया।

## एक नजर

### हथियार लहराते बदमाश गिरफ्तार

**कोरबा** । एसपी संतोष सिंह के द्वारा दिए गए निजात अभियान के तहत गुंडा, बदमाशों से आम शांति चाहने वाले लोगों को निजात दिलाने के लिए सिटी कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलते ही शहर के निगरानी बदमाश एवं लगातार अपराधों में संलग्न रहने वाले चंदन यादव को पकड़कर उसके पास से धारदार तलवारनुमा लोहे का हथियार जब्त कर उसके विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि सिटी कोतवाली टीआई रूपक शर्मा अपने मातहत एएसआई अफसर खान, आरक्षक नवरतन सिदार, दिनेश श्याम, आर.अरूण तिर्की को लेकर रात्रि गश्त में मुख्य मार्ग में निकले थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि शहर का निगरानी बदमाश एवं कई बार पुलिस को चकमा देकर भागने वाला चंदन यादव को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से लोहे का तलवारनुमा धारदार हथियार जब्त कर उसे रिमांड पर न्यायालय पेश किया जा रहा है। टीआई श्री शर्मा ने इसी कार्रवाई के दौरान शराब पीकर बाइक चलाने वाले 12 लोगों को धारा 185 के तहत कार्रवाई किया है।

### पंडोंपारा में बरपा हाथियों का कहर

**कोरबा** । वन विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां 22 हाथियों का दल काफी समय से घूम रहा है। यह दल बीती रात केंदई गांव के पंडों पारा में अचानक प्रवेश किया और उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के घर तोड़ दिएए वहीं आधा दर्जन लोगों की बाडियों में घूसकर वहां लगे मक्का की फसल को रौंदने के साथ तहस.नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात रात भर चला। इस दौरान ग्रामीण रतजगा करते रहे। सुबह होने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### नवरात्र पर होगी शक्ति पूजा

**कोरबा** । सभी तरह की आसुरी तत्वों का संहार करने के लिए अतीत में पराम्बा दुर्गा ने अपनी दैवीय शक्ति का उपयोग किया था और इसके माध्यम से सज्जन शक्ति की रक्षा की थी। शक्ति पूजा के नाम से मनाये जाने वाले शारदीय नवरात्र पर्व की शुरुआत 26 सितंबर से हो रही है। इसके लिए देवी मंदिर के साथ.साथ दुर्गा प्रतिमा स्थापना वाले पंडालों में तैयारी की गई है।

कोरबा शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण अंचल के मंदिरों में नवरात्र पर्व के दौरान ज्वारा बोने सहित अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये जाएंगे। यहां पर विधि-विधान से देवी की पूजा अर्चना की जाएगी और नवमी को पर्व का समापन होगा। इससे पहले स्त्री शक्ति की भूमिका को रेखांकित करने के लिए कन्या पूजन भी किया जाएगा। नवरात्र पर्व पर मिट्टी से बनी आदिशक्ति की प्रतिमा स्थापना के साथ उपासना का विधान है। इस कड़ी में जिले में सैकड़ों स्थानों पर प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी। उत्तर और पूर्व की परंपरा की तस्वीर कोरबा जिले में नजर आएंगी। इसके अंतर्गत अनेक स्थानों पर महाल्या को स्थापना होगी तो कुछ स्थानों पर षष्ठी को यह काम होगा। दोनों स्थिति में देवी उपासना अहम तत्व होगा।

### कोटपा एक्ट में सात पर कार्रवाई

**कोरबा** । रजगामार चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने विशेष अभियान के तहत कोटपा एक्ट में कार्रवाई करते हुए रजगामार चौकी क्षेत्र में अलग-अलग शापिंग सेंटरों में दुकान में मुख्य रूप से सामने प्रचारित कर गुटखा एवं तंबाकू उत्पाद बेच रहे धनीराम केंवट, लक्ष्मी प्रसाद, अमर गुप्ता, शाबाना बेगम, शहजादी बेगम, जवाहरलाल गुप्ता एवं देवेंद्र वर्मा के विरूद्ध कोटपा एक्ट मादक पदार्थ तंबाकू प्रतिषेध अधिनियम 2003 के तहत कार्रवाई की है।

### फाइनल मैच बस्तर ब्लू और बस्तर येलो के मध्य

**जगदलपुर** । आज लाल बाग मैदान में बस्तर जिला क्रिकेट संघ जगदलपुर द्वारा सीनियर वर्ग 35-35 ओवर लीग प्रतियोगिता में आज बस्तर ब्लू और बस्तर येलो के मध्य मैच खेला गया। ब्लू ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया,पहले बल्लेबाजी करने उतरी येलो की टीम ने जल्दी 5 विकेट गिरने के बाद कौशलेंद्र राठौर 61,हर्ष पांडे 24 के सहारे 199 रन बनाकर ऑल आउट हो गई ।जिसमे बस्तर ब्लू की ओर से जयंत ने 3 विकेट, अनस व भुवन ने 2ङ्क2 विकेट प्राप्त किए ।लक्ष का पीछा करने उतरी ब्लू की टीम 188 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,रोमांचक मुकाबले में येलो की टीम ने 11 रनों से जीत दर्ज की,ब्लू की ओर से जयंत ने 63 रन,अक्षय ठाकुर ने 45 और आदित्य गुहा ने 27 रन बनाए ।येलो की और से कासिम और कौशलेंद्र ने 3ङ्क3 विकेट लिए जबकि सैन्यम जैन ने 2 विकेट लिए। मैच के दौरान आनंद मोहन मिश्र ,विश्व मोहन मिश्र, शिवनारायण मोहंती,राजकुमार महतो,प्रेम झा, अनूप मेहरा,सुनील पठारिया,शाहिद खान,प्रदीप गुहा, विवेक राय,महेंद्र साहू , प्रीतपाल सिंह,मनोज ठाकुर,रविन्द्र ठाकुर,करणदीप सिंह उपस्थित थे। कल फाइनल मुकाबला येलो और ब्लू के मध्य ही खेला जाएगा प्रातः 8 :00 बजे।

# पी.एम. मोदी वैश्विक शांति के प्रयासों में सबसे अग्रणी नेता पुतिन ने भी किया समर्थन पूर्व मंत्री अमर

**बिलासपुर** । बिलासपुर अपनों से अपनी बात फेस बुक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिवस की पुनः शुभकामनाए देते हुए 2 अक्टूबर तक मनाये जा रहे सेवा सप्ताह पखवाड़े को लोक कल्याण के कार्य में सहभागिता का शुभअवसर बताया। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर श्रेष्ठ भारत के निर्माण में मोदी जी की दूरदर्शिता से देश निरतंर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन के बाद मेक्सिको के राष्ट्रपति ने यू.एन.ओ. की बैठक में वैश्विक शांति के लिए गठित समिति में यू.एन. के महासचिव, इटली के पोप और हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का नाम प्रस्तावित किया है। पिछले दिनों एस.सी. ओ. की बैठक में सम्प्रभु राष्ट्र आज के समय में युद्ध की बजाय वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना करने के मोदी जी के वक्तव्य का रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने हमारे प्रधानमंत्री जी की वैश्विक मान्यता पर मोहर लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत सोने की चिड़िया के नाम से जाना जायेगा। श्री अग्रवाल ने कहा सहकारी आंदोलन को मोदी जी के कार्यकाल में नयी पहचान मिली है। 50 वर्षों बाद देश में पिछले दिनों विश्व डेयरी सम्मेलन का आयोजन किया है।

2 लाख गांव के 2 करोड़ किसान डेयरी फार्मिंग से लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें 74 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है एवं 8.74 लाख करोड़ रूपये के व्यवसासिक उत्पादन मूल्य का लाभ डेयरी किसानों को मिल रहा है जो संबंधित राज्यों में गेंहू और चांवल उत्पादक किसानों से भी



राहुल की कंटेनर यात्रा से देश जूड़ने वाला नहीं, 2023 में केन्द्र के साथ छ.ग. में बनेगी डबल इंजिन की भाजपा सरकार - पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल

चार वर्षों में युवाओं को केवल ठगने का हुआ है काम... बेकारी दर जीरो से कम है पीएससी की चपरासी भर्ती में 3 लाख आवेदन कहां से ... बताए सरकार - पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल

खाट पर लेटा प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा, बस्तर में हो रही मौतों के लिए मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के बीच कुर्सी दौड़ जिम्मेदार - पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल

ज्यादा है। उन्होंने कहा 1 नवम्बर से धान खरीदी के पहले कांग्रेस की सरकार को बारदाने और खरीदी व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम कर लेनी चाहिए, ताकि केन्द्र पर आरोप मढ़ने का बहाना बनाने की जरूरत ना पड़ें। फेसबुक कार्यक्रम में श्री अमर अग्रवाल ने बस्तर की सुदुर अंचलों में हो रही अकारण मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के बीच जारी रस्साकसी से स्वास्थ्य विभाग को खाट पर लेटा हुआ करार दिया ।पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने कहा 4 वर्षों में राज्य सरकार ने युवाओं को केवल ठगने का काम किया है। बेरोजगारी भत्ते का वादा किया किन्तु देने की बारी आई तो साफ मुकर गये। सी.एम.आई.ई. के हवाले से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश में शून्य से भी कम 0.4 प्रतिशत होने का दम भरते हैं पर प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि बेकारी दर शून्य से कम होने के बाद भी 3 लाख आवेदन लोक सेवा आयोग के माध्यम से चपरासी भर्ती में कैसे आये एवं शिक्षक पात्रता भर्ती परीक्षा के लिए ही लगभग 5 लाख लोगों ने किस लिए परीक्षा दी। श्री अग्रवाल ने कहा आंकड़े बाजी मात्र से ही युवाओं का कल्याण नहीं होगा। भर्ती की संस्थाओं में कार्य प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता है, लेकिन आलम यह है कि 2019 से लंबित 984 पदों की सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा, 2019 से ही 14,500 शिक्षक भर्ती आज भी पूरी नहीं हो पायी। श्री अग्रवाल ने कहा सरकार की नीति और कार्यशैली युवाओं में निराशा बढ़ रही है। रोजगार के अभाव में अनेक बड़ी संख्या में प्रतिभाओं का पलायन हो रहा है।

# ग्राम पंचायत हिर्री में हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

राजीव युवा मितान क्लब के बैनर तले हुआ आयोज

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार युवा को जोड़ने और उनको आगे बढ़ाने के लिए एक नया क्लब बनाया गया है जिसे युवा मितान क्लब के नाम से जिसमे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के पढ़े लिखे युवा के अलावा ऐसे युवा जो एंड्रायड फोन चलाते हैं और इंटरनेट मीडिया प्लेटफ ार्म में अपनी सक्रियता दर्शाते हैं। इस क्लब में माध्यम से सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के अलावा खेल के क्षेत्र में इनकी सक्रियता व सेवा कार्यों को इस योजना से जुड़कर काम किया जा रहा है उसी कड़ी में ग्राम पंचायत हिर्री मे युवा मितान क्लब ने विभिन्न प्रकार की खेलो का आयोजन किया गया है ।यह आयोजन दो दिनों के लिए किया गया है रविवार से सोमवार 25,26



सितंबर तक किया गया है और जितने वाले विजेता को प्रोत्साहन राशि भी देकर उनका सम्मान किया जा रहा है जिसमे आसपास के ग्रामीणों और खेल में रुचि रखने वाले बच्चों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। क्लब के द्वारा आधे दर्जन भर से ज्यादा खेलो का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्य रूप से जिसमे पहला खेल है। साथ ही विजेताओं इनाम के साथ-साथ उनका मानसम्मान के साथ मनोबल बढ़ाने के लिए मेडल भी दिया जाएगा। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से कई बच्चे अपने प्रतिभा को निखार सकते है और आगे खेल मे रुचि रखने वाले युवा खेल की दुनिया में अपना लक्ष्य निर्धारित कर अपनी सपनों को साकार कर सकते है। ग्राम हिर्री मे खेल का आयोजन से ग्रामीण और आसपास के युवा बड़े उत्सुकता के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

# पति के गूंगेपन से क्षुब्ध पत्नी ने विवाह के छह महीने बाद की खुदकुशी

**कोरबा** ।ऐसा कहा जाता है कि जोडियां स्वर्ग में तय होती हैं और उनके आगे का सफर धरती पर तय होता है। इन सबके बावजूद रिश्ते को सुनिश्चित करने से पहले कई चीजें देखनी जरूरी होती है। अनदेखी के नतीजे महंगे साबित होते हैं। कुछ इसी कारण से केंवट समुदाय की एक नवविवाहिता ने जहर सेवन कर जान दे दी। वह पति की हरकतों से परेशान हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई की है। बांगो पुलिस थाना की मोरगा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले पतुरियाडांड की रहने वाली अंजुशा केंवट की मौत पिछली रात 2.30 बजे पोड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई। कुछ घंटे पहले उसे परिजन यहां लेकर आए थे। अंजुशा ने व्यक्तिगत कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था जिससे उसकी हालत खराब हो गई थी।

जानकारी के अनुसार मई 2022 को परिजनों के द्वारा अंजुशा का विवाह अंबिकापुर जिले के बांकेपुर निवासी युवक से किया गया था। कुछ दिनों के बाद नवविवाहिता को मालूम चला कि उसके पति को बोलने में समस्या है। धीरे-धीरे यह विकृति और गहराते गई और मालूम हुआ कि वह गूंगेपन की चपेट में है।

# शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय में जोनल खेल प्रतियोगिता समापन में रेखचंद जैन शामिल हुए

**जगदलपुर** । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सांसद बस्तर दीपक बैज एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने किया सम्मानित। शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय में दिनांक 21- 24 सितंबर तक आयोजित दक्षिण क्षेत्र जोनल खेल प्रतियोगिता में शामिल 11 महाविद्यालय के सैकड़ों खिलाड़ियों की उपस्थिति में आयोजित समापन समारोह में शामिल हुए सांसद बस्तर दीपक बैज एवं विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए सांसद बस्तर दीपक बैज ने कहा की आज आप खिलाड़ियों के मध्य आकर मुझे भी अपने कालेज के दिनों की याद आ गई है वैसे तो हम विभिन्न जगहों पर जाते हैं पर जब हम एक टीम बनकर जाते हैं और खेलते हैं तो उसका आनंद ही अलग होता है और यह जीवन भर की स्मृति बन जाती है उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन और टीम वर्क का महत्व समझाते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय में आयोजित दक्षिण जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समारोह पूर्वक समापन**

विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं खेल विकास अभिकरण के माध्यम से छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचना के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है उन्होंने अपने निजी अनुभव भी छात्र छात्राओं से बांटते हुए कहा की हार से कभी निराश ना हो और प्रयास करें जीत हमेशा आपके कदमों में होगी।

# महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2022 के तीन दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2022 के तीन दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। ये कार्यक्रम राजधानी रायपुर के छोकरा नाला स्थित श्री अग्रसेन धाम में तीन दिन तक चलेगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल मौजूद रहे। इसके अलावा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल, संरक्षक श्री नवल अग्रवाल और अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती कविता गोयल, महामंत्री श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल मौजूद रहीं।

पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने अग्रसेन जयंती के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज अग्रसेन जी, जिनको हम भगवान मानते हैं, उनकी गाथा के ऊपर हमको विचार करने की जरूरत है। इस देश में तीर्थ स्थलों पर धर्मशालाएं





हैं, दवाखाने हैं जो उन्होंने बनवाए थे। मगर नई पीढ़ी इस काम से दूर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को ये प्रशिक्षित करना है। अभी हमको इस बात पर चिंता करनी चाहिए कि हमारे समाज के कोई बुजुर्ग, माता-पिता, दादा-दादी किसी को वृद्धाश्रम में जाने कि जरूरत पड़ रही है क्या? अगर पड़ रही है तो फिर हम अग्रसेन जी के वंशज नहीं हो सकते।

आगे श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत कोई है तो परिवार है और इस परिवार को जोड़ के रखना ये सबसे बड़ा काम है। हमको इस बात की चिंता करनी चाहिए कि हम अपने बच्चों को संस्कारित करें। अपने बच्चों को परिवार से जोड़ कर रखें। आजकल तो पहली क्लास से ही हम बच्चों को बाहर पढ़ने भेज देते हैं, कोई देहरादून कोई मसूरी कोई अमेरिका कोई इंग्लैंड। ऐसे बच्चे अपने मम्मी-पापा के अलावा दादा-दादी, नाना-नानी, काका-काकी, ताई-ताऊ को नहीं जानते। ऐसी परिस्थितियों में उनसे उनका जुड़ाव नहीं होता, परिवार भाव पैदा नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा

- पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल शुभारंभ कार्य म में हुए शामिल
- बुजुर्ग माता-पिता अगर वृद्धाश्रम में रह रहे हैं तो हम अग्रसेन जी के वंशज नहीं हो सकतेः बृजमोहन अग्रवाल



कि संयुक्त परिवार किसी समाज में सबसे ज्यादा है तो अग्रवाल समाज में है। हमको अपनी पहचान को ज़िंदा रखने की जरूरत है। अपने बच्चों को संस्कारित करने की जरूरत है।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि समाज के गरीब तबके को समाज के कार्यक्रमों में शामिल करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए रायपुर के 50 हज़ार लोगों को इकट्ठा करने की बात कही। कहा कि 50 नहीं तो 25, पच्चीस नहीं तो दस क्या ये हमारी कोशिश हो सकती है। और जिस दिन हमने समाज के दस हज़ार लोगों को भी इकट्ठा कर लिया उस दिन समाज की कोई अवहेलना कर नहीं पाएगा, हमको अपनी ताकत दिखाने की जरूरत है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा मैं तीन कामों के बारे में हमेशा कहता हूँ कि गरीब की पढ़ाई, गरीब का इलाज और गरीब की शादी ये तीन काम, और जिस दिन समाज इन तीन कामों को करने लगेगा उस दिन समाज हमसे प्रभावित होगा। सभी को लगेगा कि समाज सिर्फ जयंती नहीं मनाता, वो समाज में कमजोर लोगों के लिए काम करता है और इसके लिए चाहे हमें स्कूल खोलना पड़े, चाहे अस्पताल खोलना पड़े, चाहे हमें गरीब बच्चियों की शादी के लिए कोई ब्यूरो बनाना पड़े। क्योंकि अग्रवाल अगर गरीब भी है तो स्वाभिमानी है, वो माँगने नहीं आता। बृजमोहन अग्रवाल जी ने अग्रसेन जी के संदेश के बारे में बताया कहा कि एक ईंट और एक रुपए के माध्यम से उनके राज में आने वाला हर व्यक्ति सुखी होता था। पहले हम समाज कि चिंता करें और देश के लिए कार्य करते रहें।

# नन्हें सितारों एम्यूजिकल हाउजी व डांस बेटल के शानदार प्रदर्शन से आमने आई अग्र प्रतिभाएं

## जुट मिल जोन ने की महाराजा अग्रसेन की ऐतिहासिक गंगा आरती

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







शुक्रवार को आडिटोरियम में देर रात अग्र समाज के बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम नन्हें सितारे म्यूजिकल हाऊजी डांस बैटल का आयोजन किया गया स देर रात तक चले इस आयोजन को लेकर अग्र समाज से जुड़े बंधुओं में जबरदस्त उत्साह रहा स पिछले कई दिनों से चल रही तैयारिया आज मंच पर सार्थक नजर आई, आज के आयोजनों में अग्र समाज से जुड़े लोगों के शानदार अभिनय क्षमता ने मौजूद लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया स आयोजनों के जज भी ऐसे प्रदर्शन को देख दांत तले उंगली दबाए बिना नहीं रह सके। आडिटोरियम में शाम चार बजे अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन प्रभारी ऐश अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, शाश्वत मित्तल, शुभम अग्रवाल, जयेश छपारिया, प्रणव अग्रवाल, राहुल गर्ग के मार्गदर्शन में नन्हें सितारे का रंगारंग आयोजन हुआ। वहीं शाश्वत मित्तल ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुल 28 बच्चों ने भाग लिया टेलेंटए वॉकए क्विज और प्रस्तुति के चार चरणों में प्रतियोगिता हुई। जिसमें बच्चों ने अपनी कमाल की प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

म्यूजिकल हाउजी कार्यक्रम में मधुर बॉलीवुड गीतों के साथ प्रदर्शन को भी जमकर सराहा गया स म्यूजिकल हाउजी जूटमिल जोन प्रभारी अभिषेक अग्रवाल इंजीनियर, आनंद मोदीए दीपक अग्रवाल जामगांव, विशाल सिंघानिया, अतिश डालमिया, मनीष अग्रवाल गोलू, नवीन अग्रवाल व प्रकाश निगानिया के मार्गदर्शन में भव्य म्यूजिकल हाउजी का रंगारंग कार्यक्रम किया गया। जिसमें अग्र समाज के सभी वर्ग के लोग बॉलीवुड के सुपर हिट मधुर गीतों के साथ निहाल होकर झूमे।

वहीं इस कार्यक्रम से आयोजन में चार चांद लग गया। इसी तरह खास कार्यक्रम डांस बैटल ने भी गजब का समा बांधा। वहीं तीनों रंगारंग प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए स महाराजा अग्रसेन फ उंडेशन की पहल से जोन प्रभारी राखी नहाडिया, लता अग्रवाल डोरा, शालू गोयल, अशिता अग्रवाल, कशिश अग्रवाल, राशि अग्रवाल, चाहत अग्रवाल, प्रिया जिंदल के मार्गदर्शन में डांस बैटल का कार्यक्रम रात आठ बजे आडिटोरियम में किया गया। जो बेहद खास रहा प्रतिभागियों की कलात्मक प्रतिभा से उपस्थित सभी लोग मुग्ध हो गए। वहीं इस कार्यक्रम की सभी लोगों ने बेहद सराहना की।

# ग्राम कटेली के कलश यात्रा में सम्मिलित हुई अनिका बिनोद भारद्वाज

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



ग्राम पंचायत कटेली जहां प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा विराजित होती हैं और इस वर्ष भी भव्यता के साथ ग्रामवासियों ने माता रानी का आह्वान किया है इसी कड़ी में एक दिन पहले कलश यात्रा निकाली गई जहां ग्रामवासियों ने अपने चहिती जिला पंचायत सभापति अनिका बिनोद भारद्वाज को प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी कलश यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जहां अनिका बिनोद भारद्वाज सम्मिलित होकर पूरे ग्रामवासियों के साथ साथ माता रानी से प्रार्थना करते हुए लोगों से कहा कि लशयात्रा से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है गांव,शहर, क्षेत्र, राज्य एवं देश के प्रत्येक व्यक्ति, परिवार, समाज के दुखों को हरने वाली माता रानी आ रही है सभी को यश, कृति,वैभव,सुख शान्ति मिले इस कथन के साथ ही रिबन काटकर एवं नारियल फ ेड़कर कलश यात्रा की शुरुआत हुई जहां साथ में बिनोद भारद्वाज अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति उलखर कोसीर, सरपंच ईश्वर साहू,गणपत जायसवाल,गणपत साहू, महेश राम साहू, बोधराम साहू, दिलिप पटेल,सागर दीवान,मंगतू साहू एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हाथाडाडू में मनाई-डॉ. खरे'

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में दिन रविवार को नवागढ़ मण्डल भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक ग्राम हाथाडाडू में रखा गया था। इस बैठक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय रहा। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉ.जगजीवन खरे भी उपस्थित रहे व कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित किया। सर्व प्रथम पं. डित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व तिलक लगाकर पूजा अर्चना कर नमन करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए। फूल के हार से भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन भी मनाया गया और मन की बात भी रखा गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला महामंत्री विकाश दीवान, डॉ. जगजीवन खरे, दयावंत बांधे, होरी लाला सिन्हा, देवदास चतुर्वेदी, मधु राय, नेमी राज सोनवानी, बबलू राजपूत, रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, मंडल महामंत्री सुरेश साहू, धनीराम निर्मलकर, गजेंद्र साहू, मोनू गोस्वामी, गोलू सिन्हा, संजू राजपूत, फूलचंद साहू साथ में बूथ के अध्यक्ष बूथ का पलक बूथ सयोजक साथ रहे।

## संसदीय सचिव के प्रयासों से मृत छात्रों के परिजनों को मिली दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर** । विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन के प्रयासों से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के दरभा विकास खंड के ग्राम सेड़वा के आकस्मिक निधन हुए कक्षा 6 वीं के दिव्यांग छात्र स्व देवा की माता श्रीमती भागवती पति लक्ष्मण को एक लाख एवं शा उ मा विधालय छिंदबहार के कक्षा 10 वीं की छात्रा मावलीपदर निवासी स्व खुखदेई के भाई गोंचू कश्यप को छात्र बीमा दुर्घटना दावा भुगतान का एक लाख रुपए का चैक प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप आकस्मिक दुर्घटना में मृत छात्रों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है पूर्व में जहां मृत छात्रों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए वर्षो तक चक्कर लगाना पड़ता था अब हमारी सरकार में तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश प्रदान की गई है।

# दो बाइक आमने सामने टकराई, एक गंभीर अस्पताल में इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ से रायगढ़ मार्ग में आमगांव के पास दो बाइक डीलक्स एवं बुलेट में आमने सामने टक्कर हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक रोड से नीचे जाकर गिरी। जिससे दोनों बाइक में सवार सभी को चोट आई है। लेकिन एक व्यक्ति का पैर टूट गया है। डीलक्स बाइक सवार धरमजयगढ़ से कुडुमकेला जा रहा था। वहीं बुलेट सवार धरमजयगढ़ की ओर जा रहे थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने 112 को डायल कर घटना की जानकारी दी। सभी को 112 की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार जारी है।

## एक नजर

### दिव्य जीवन संघ मे मनाई गई स्वामी चिदानंद की जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



नगर के दिव्यजीवन संघ शाखा के प्रतिष्ठापूर्ण आध्यात्मिक प्रतिष्ठान मे 24 सितंबर शनिवार को स्वामी चिदानंद की जयंती मनाई गई। इस मौके पर स्वामी जी के मानव कल्याण से प्रेरित उपदेश का स्मरण कर आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। दिव्य जीवन संघ शाखा रायगढ़ के अध्यक्ष प्रोफे क्रान्तिकुमार तिवारी ने गुरुदेव के छाया प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना कर गीता पाठ के लोकों पर प्रवचन किया। उन्होंने स्वामी चिदानन्द की बिराट गुरूमहिमा पर विस्तृत प्रकाश डाला। पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन अर्पण करने वाले योगी चिदानंद का जन्म 24 सितंबर 2016 को हुआ था। स्वामी चिदानंद 1943 में ऋ षिकेश में स्वामी शिवानंद जी महाराज के आश्रम में शामिल हुए। आश्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने औषधालय का कार्यभार संभाला, और चंगाई वाले व्यक्ति के रूप में प्रसिद्ध हो गये। गुरु पूर्णिमा के दिन 10 जुलाई 1949 को उन्हें स्वामी शिवानंदजी महाराज द्वारा संन्यास के पवित्र आदेश में दीक्षित किया गया था और उन्हें स्वामी चिदानंद के रूप में जाना जाने लगा। एक ऐसा नाम जिसका अर्थ है वह जो उच्चतम चेतना और आनंद में है। उन्होंने 1963 में स्वामी शिवानंद को ऋषिकेश में डिवाइन लाइफ सोसाइटी डीएलएस के अध्यक्ष के रूप में सफ लता दिलाई और तब से उनका जीवन पूरे भारत और दुनिया के सभी महाद्वीपों में भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और योगिक विरासत को लोगों तक पहुंचाने के लिए लगभग निरंतर यात्रा का रहा है। अगस्त 2008 में स्वामी चिदानंद ने महासमाधि प्राप्त की। उन्होंने अपना पूरा जीवन व्यापक रूप से मानवता के कल्याण, स्वास्थ्य, शांति और खुशी के लिए केंद्रित किया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन ने स्वामी के साथ अपने अनुभव के बारे में कहा था, मैं स्वामी जी की शिक्षा-सार्वभौमिक धर्म और सभी धर्म पूजा की अवधारणा से बहुत प्रभावित हुआ हूं। स्वामी चिदानंद को 1993 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद के लिए प्रतिनिधिमंडल का अध्यक्ष चुना गया थाए, जो 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद के युगांतरकारी कार्यक्रम की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

### अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने कोरबा पुलिस ने की जांच-पड़ताल

**कोरबा** । कोरबा क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए क्या कुछ हो सकता है, इसके लिए निर्देश के अलावा अब जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रात्रि को विभिन्न क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज कराने के साथ आने जाने वाले लोगों से पूछताछ करने के साथ गाडियों की जांच पड़ताल की। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने अभियान में खुद को शामिल किया। उनके अलावा एडिशनल एसपी सीएसपी और थाना व चौकी के इंचार्ज एवं कर्मी शामिल हुए। नेताजी सुभाष चौक, शास्त्री तिराहा, लेकर मुख्य मार्गों पर पुलिस पार्टी रात में 11.00 बजे के बाद सक्रिय हुई और कई घंटे अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान यहां से आवाजाही करने वाले लोगों को रुकवाने के साथ उनसे प्रयोजन की जानकारी ली। दुपहिया से लेकर अन्य गाडियों की जांच पड़ताल भी की गई। इसके माध्यम से हर प्रकार के संदेह दूर करने का प्रयास किया गया। पुलिस की टीम ने इस अभियान के अंतर्गत उन लोगों की खासी खबर ली जो बिना किसी उद्देश्य के देर रात तक घूम रहे थे। असंतोषजनक जानकारी मिलने पर कुछ मामलों में पुलिस ने कार्रवाई भी की। बताया गया कि सभी क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाने के साथ अपराध नियंत्रण का काम पुलिस को करना है। इस प्रकार के कदम इसी उद्देश्य से उठाए जा रहे हैं।

### हथियार लहराते बदमाश गिरफ्तार

**कोरबा** । एसपी संतोष सिंह के द्वारा दिए गए निजात अभियान के तहत गुंडा, बदमाशों से आम शांति चाहने वाले लोगों को निजात दिलाने के लिए सिटी कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलते ही शहर के निगरानी बदमाश एवं लगातार अपराधों में संलग्न रहने वाले चंदन यादव को पकड़कर उसके पास से धारदार तलवारनुमा लोहे का हथियार जब्त कर उसके विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि सिटी कोतवाली टीआई रूपक शर्मा अपने मातहत एएसआई अफसर खान, आरक्षक नवरतन सिदार, दिनेश श्याम, आर.अरूण तिर्की को लेकर रात्रि गश्त में मुख्य मार्ग में निकले थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि शहर का निगरानी बदमाश एवं कई बार पुलिस को चकमा देकर भागने वाला चंदन यादव को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से लोहे का तलवारनुमा धारदार हथियार जब्त कर उसे रिमांड पर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# पंडित दीनदयाल जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अंत्योदय समाज की कल्पना करने वाले जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस को भाजपा परिवार अंत्योदय दिवस के रूप में मनाता है।






उनकी जन्म जयंती पर रायगढ़ जिला भाजपा ने भी शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल भल्ला, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत सोमावार, पूर्व सभापति एवं नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद सुभाष पाण्डेय, भाजपा सोशल मीडिया सेल के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन शर्मा भी शामिल हुए सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर वहां आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना तत्पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में जाकर पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए और पंडित दीनदयाल के जीवन पर अपने अपने शब्दों में उद्बोधन भी दिए। आज के इस कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ साथ पार्षद मुक्तिनाथ बबुआ, पूर्व एल्डरमैन रतिंद्र राय, पूर्व पार्षद ज्ञानू मोदी, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला महामंत्री चिंटू साबरी, लल्ला देवांगन भी मौजूद रहे।

# आज महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर गांधी गंज से निकलेगी भव्य और विशाल शोभायात्रा

महाराजा अग्रसेन व उनके पुत्रो के लिए सात घोड़ों की बग्घी विशेष आकर्षण होंगी'

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



**बच्चों के विशेष आकर्षण के लिए मिक्की माउस पुतले और तरह-तरह की झांकियां शामिल रहेंगे**

आज अपरान्ह चार बजे महाराजा अग्रसेन की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा गांधी गंज से चार बजे निकलेगी जिसमे अग्र समाज से जुड़ी दो दर्जन से अधिक समाज सेवी संस्थाएं शामिल होंगी स रैली निकलने के पूर्व श्याम सखी मंडल रायगढ़ गांधी गंज में भव्य आरती करेगी स शोभा यात्रा में हर अग्रवाल परिवार से एक व्यक्ति शामिल होगा।

इसके अलावा गणमान्य जन विभिन्न दलों से जुड़े जन प्रतिनिधि डॉक्टर वकील इंजिनियर शामिल होंगे स शोभा यात्रा के विशेष आकर्षण के संबंध में जानकारी देते हुए महाराजा अग्रसेन आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार महाराजा अग्रसेन व उनके पुत्रों के लिए सात घोड़ों की बग्घी विशेष आकर्षण होंगी। शोभायात्रा में हमारे अग्र समाज के अतिथि पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, महेन्द्र मोड़ा, सागरमल सावाड़िया, राधेश्याम लेंध्रा, अजय रतेरिया, डॉ. राजू अग्रवाल के अलावा जिंदल स्टील के कार्यपालक निदेशक आरके अजमेरिया विशेष रूप से शामिल होंगे।

उड़ीसा का धमाल घंट एवम ड्रम पार्टी बैंड बाजे के साथ कर्मा नाचा बच्चों के विशेष आकर्षण हेतु मिक्की माउस के पुतले शामिल रहेंगे। जुट मिल जोन के बच्चों द्वारा स्वनिर्मित बैंड पार्टी भी शामिल होंगी स शहर के चारों ओर से महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित भजन के साथ डांडिया नृत्य भी शोभायात्रा के दौरान शामिल होगा। आगंतुकों का पुष्प वर्षा की जायेगी शोभायात्रा मार्ग के 31 प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी होगा शोभायात्रा गांधी गंज से शुरू होकर एमजी रोड रामनिवास टाकीज चौक इतवारी बाजार गौरी शंकर मंदिर चौक कोष्टपारा पुराना सदर बाजार हटरी चौक अग्रसेन मार्ग दानी पारा लाल टंकी थाना के पीछे से होते हुए हटरी चौक गद्दी चौक सुभाष चौक होते हुए गांधी गंज पर समाप्त होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in